हरिभूमि
# रायपुर भूमि





## कार से स्टंट... उठ रहा धूल का गुबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आजाद चौक थाना क्षेत्र का हिंद स्पोर्टिंग मैदान इन दिनों कार से स्टंट करने वाले स्टंटबाजों का अड्डा बन गया है। हिंद स्पोर्टिंग मैदान पर पिछले एक सप्ताह से कार सवार एक युवक तथा एक युवती पहुंचते हैं और मैदान पर जहां बच्चे खेल रहे होते हैं, उनके करीब पहुंचकर कार को तेजी से गोल-गोल घुमाते हैं। मैदान पर कार को तेजी से गोल-गोल घुमाने से पूरे मैदान पर धूल का गुबार उठता है। इससे एक्सीडेंट होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि जहां कार का स्टंट किया जाता है, वहीं अघोषित रूप से चार तथा दोपहिया वाहनों का पार्किंग स्थल है।

## खबर संक्षेप

### डॉक्टर के मकान में चोर का धावा, 25 हजार पार

**रायपुर।** कोतवाली थाने में एक डॉक्टर ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान से कैश 25 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। टैगोर नगर निवासी डॉ. पठान रमीज अहमद खान ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह वह ड्यूटी पर गया था। शाम साढ़े चार बजे वापस लौटा तो देखा कि घर के दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ था, साथ ही सामान बिखरा पड़ा था। चोर आलमारी में रखी रकम चोरी कर ले गया था।

### ज्वेलरी शॉप की छत तोड़कर चोरी का प्रयास

**रायपुर।** धरसींवा थाने में एक सराफा कारोबारी ने अज्ञात दो लोगों के खिलाफ ज्वेलरी दुकान में चोरी करने की कोशिश करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जयकुमार सोनी ने शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर उसकी दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने छत के रास्ते अंदर दाखिल होने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान उनका मकान मालिक जाग गया, जिसके बाद चोर मौके से फरार हो गए।

### अवैध उत्खनन पर रोक नहीं, बिना एनओसी खदानों की खुदाई

# मंदिर हसौद इलाके में मिला सरकारी जमीन पर रेत और मुरुम का पहाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश का सीजन शुरू होने से पहले जिले में रेत और मुरुम का अवैध भंडारण शुरू हो गया है। रेत और मुरुम की कई खदानों में जहां बिना सीआ से एनओसी मिले अवैध रूप से उत्खनन किया जा रहा है, वहीं कई वैध खदानों में नियमों को ताक पर रखकर भी खनन किया जा रहा है। रेत और मुरुम का उत्खनन करने के साथ अब दोनों का अवैध रूप से भंडारण भी किया जा रहा है। एक ऐसा ही मामला गुरुवार को मंदिर हसौद क्षेत्र में सामने आया है। यहां के सीएमओ और तहसीलदार ने कार्रवाई करते हुए 310 हाईवा रेत और 134 हाईवा मुरुम जब्त की है। कारोबारियों ने रेत और मुरुम को ग्राम नकटा स्थित शासकीय जमीन पर भंडारण किया हुआ था। भंडारण किन लोगों ने और किसके कहने पर किया है, इस बारे में अधिकारी ▶▶| शेष पेज 13 पर

### 310 हाईवा रेत और 134 हाईवा मुरुम किया जब्त



### 10 जून से लग सकती है रेत उत्खनन पर रोक

बारिश का सीजन शुरू होते ही रेत खदानों में उत्खनन पर प्रशासन रोक लगा देता है। बारिश के दिनों में नदियों का जल स्तर बढ़ जाता है, जिसके कारण नदी के किनारे भी पानी भर जाता है। इसके कारण प्रशासन बारिश के सीजनभर रेत खदानों में उत्खनन पर रोक लगाता है। पिछले वर्ष 10 जून से 10 अक्टूबर तक रोक लगाई गई थी। संभवतः इस बार भी 10 जून से रोक लग सकती है।



### 3 एकड़ कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग को हटाया

मंदिर हसौद क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग भी जमकर हो रही है। अभिषेक गुप्ता की एक एकड़ और पिंटू ब्रम्हा की 2 एकड़ कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग कराई गई थी। टीम ने इस अवैध प्लाटिंग को हटाने की कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान रायपुर अटल एक्सप्रेस वे पर खुले अवैध प्लॉटिंग के मार्ग को भी बंद किया गया।

# 58 समर स्पेशल ट्रेनों में अब यात्रियों को मिलेगा खाना, 210 वेंडर्स को जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खबर का असर**

58 स्पेशल ट्रेनों में पेंट्रीकार की सुविधा नहीं, यात्रियों को पानी और नाश्ता भी नसीब नहीं, शीर्षक से 8 मई के अंक में हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर को प्रकाशित किया था, जिसके बाद अब रेलवे ने मामले पर संज्ञान लेते हुए स्पेशल ट्रेनों में खान-पान की सुविधा के लिए अधिकृत वेंडर को निर्देशित किया है। पेंट्रीकार नहीं होने से यात्रियों को 12 से 24 घंटे के सफर में पानी भी नहीं मिल रहा था। यात्रियों की ओर से भी लगातार शिकायत रेलवे को मिल रही थी, जिसके बाद अब व्यवस्था में सुधार किया गया है।

अब स्टेशन में ट्रेन के भीतर अधिकृत वेंडर पानी, नाश्ता व अन्य चीजें बेचते हुए नजर आएंगे। सीनियर डीसीएम अवधेश कुमार त्रिवेदी ने बताया ▶▶| शेष पेज 13 पर

### समर स्पेशल में पेंट्रीकार नहीं होने से यात्रियों को हर दिन हो रही थी दिक्कत




- हरिभूमि की खबर पर मंडल के रेल अधिकारियों ने लिया संज्ञान, व्यवस्था में किया गया सुधार

### वेंडर को दिए निर्देश

रेलवे में रायपुर मंडल में लगभग 210 से अधिक वेंडर को निर्देशित किया गया है कि वह ट्रेनों में खानपान की व्यवस्था का उचित ध्यान रखें। स्पेशल ट्रेनों में पेंट्रीकार का प्रावधान नहीं रहता, इसलिए जिन स्टेशनों पर ट्रेन रुकती है, उन स्टेशनों के वेंडर को निर्देशित किया गया है।

- **अवधेश कुमार त्रिवेदी,** सीनियर डीसीएम, रायपुर मंडल

### 210 से अधिक वेंडर को किया निर्देशित

हरिभूमि ने खबर के जरिए बताया था कि ट्रेनों खाना व पानी नहीं मिलने के कारण कई यात्री भूखे पेट सफर कर रहे और कई यात्रियों की तबीयत भी खराब हो रही है। अब रेलवे में रायपुर मंडल में 210 से अधिक वेंडर को निर्देशित किया गया है कि वह ट्रेनों में खानपान की व्यवस्था का उचित ध्यान रखें। साथ ही सामान्य श्रेणी के कोच के यात्रियों के लिए सामान्य श्रेणी कोच के सामने किफायती दरों पर भोजन की व्यवस्था रहती है, यात्रियों के लिए निशुल्क पेयजल के लिए रेलवे स्टेशनों पर प्याऊ की व्यवस्था एवं वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है।






## खबर संक्षेप

### तुलाराम स्कूल की 8 छात्राएं 12वीं की प्रावीण्य सूची में

**धरसींवा।** तुलाराम आर्य कन्या उच्चत्तर मा. विद्यालय कूंरा का बोर्ड परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ठ रहा। कक्षा 12 वी में कुल (43) छात्रों में से 08 छात्र प्रावीण्य सूची, 13 छात्र प्रथम श्रेणी २० छात्र द्वितीय श्रेणी में रहे। कक्षा में प्रथम स्थान पर कु. भूमिका हनुमन्ता 84.86% द्वितीय स्थान पर कु. मंदाकिनी साहू 83.8%, और द्वितीय स्थान पर हिमांशु देवांगन 83.8%. तथा तृतीय स्थान पर सौरभ सेन 81% पर रहे। कक्षा 12 वी का कुल परीक्षा परिणाम 97.67 रहा ।वही कक्षा 10 वी में कुल छात्र (37) में में 13 छात्र प्रावीण्य सूची, 17 छात्र प्रथम श्रेणी, और 06 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा में प्रथम स्थान पर कु. दिव्यानी साहू 88.66%., द्वितीय स्थान पर कु. इशिका देवांगन 88.16% और तृतीय स्थान पर कु. निशु देवांगन 87.83% अंक प्राप्त कि । कहा। 10 वी का कुल परीक्षा परिणाम 97.29% रहा ।

### रिजर्व कर्मचारियों को भी मानदेय दिया जाए

**आरंग।** लोकसभा चुनाव 2024 मे ड्यूटी करने वाले रिजर्व कर्मचारियो ने भी मानदेय भुगतान का आग्रह किया है। मिली जानकारी अनुसार उक्त कर्मियों ने भी 03 दिन रायपुर में प्रशिक्षण के साथ–साथ 6, 7 मई को सामग्री वितरण केंद्र मे भी मतदान संपन्न होने तक उपस्थित रहे। संघ की ओर से प्रवक्ता पं. छत्रधर दीवान ने कहा कि पिछले चुनाव में ऐसे कर्मियों को मानदेय नहीं मिलने की जानकारी मिली थी।

### प्रमुख सचिव बोरा ने किया प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

**रायपुर।** आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने गुरुवार सुबह सड्डू स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। जहां वे विद्यालय में जेईई, आईआईटी सहित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों से रूबरू हुए। प्रमुख सचिव श्री बोरा ने प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से कहा कि शासन प्रशासन की मंशा अनुरूप आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा तथा कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए फाइव स्टार होटलों की तरह सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने यहां हॉस्टल के किचन का निरीक्षण कर बच्चों के लिए भोजन व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही भौतिक और रसायन विज्ञान प्रयोगशाला सहित लाईब्रेरी का भी निरीक्षण किया। श्री बोरा ने इस दौरान सड्डू में व्यावसायिक शिक्षा, शोध और इंजीनियरिंग सहित प्रतियोगी परीक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए 22.05 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे 750 सीटर आवासीय एकलव्य भवन का भी निरीक्षण किया।

## निधन

### रेखूराम ध्रुव

**आरंग।** डीडी कालोनी एवं ग्राम बोरिद निवासी 55 वर्षीय रेखूराम



ध्रुव मंडी सचिव का मंगलवार को निधन हो गया। वे नीरा ध्रुव के पति एवं चंद्रकांत, निलेश, पूजा ध्रुव के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम बोरिद में किया गया व अंतिम यात्र में परिवार समाज व ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

**प्रवचन :** छठवें दिन अक्रूर प्रसंग, कंस वध व उद्धव की कथा सुनाई

# श्री द्वारकाधीश ने तांदुल खाकर सुदामा को द्वारिका का ऐश्वर्य दिया : पं. युगल शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

ी सार्वजनिक गौरा गुड़ी केवशी लोधी पारा समिति के तत्वाधान में आयोजित श्री भागवत कथा के छठवें दिन आचार्य पं. युगल किशोर शर्मा ने अक्रूर प्रसंग, कंस वध व उद्धव के मार्मिक प्रसंग की व्याख्या करते हुए कहा कि उद्धव का ज्ञान मार्ग धीरे–धीरे मीट रहा था क्योंकि उनका ज्ञान भक्ति रहित था तो भगवान ने उनको ब्रज भेजा था।

उद्धव नंद यशोदा सी प्रेम मूर्ति को देखकर आनंदित हो गए, उद्धव ने कहा मैं श्री कृष्ण का संदेश लेकर आया हूं तो गोपियों ने कहा कि तुम थोथे पंडित हो क्या, श्री कृष्ण केवल मथुरा में ही बसते हैं वो तो सर्वत्र हैं तुम्हें मात्र मथुरा में ही भगवान दिखाई देते हैं और हमको कण–कण में, हमारा कृष्णा कदंब के वृक्ष पर बैठा बांसुरी बजा रहा है वह तुम्हें नहीं दिखाई देता यदि कृष्ण से तुम्हारा साक्षात्कार हुआ होता तुम उन्हें वहां छोड़ यहां नहीं आए होते। आचार्य पंडित शर्मा ने स्पष्ट किया कि उद्धव ने गोपियों को व्यापक निर्गुण ब्रह्म का उपदेश देने का विचार किया किंतु गोपियों के उत्तर से वे निरुत्तर हो गए। गोपियों ने कहा कि हम तो गांव की अनपढ़ गोपिया हैं अपना सगुण–निर्गुण ब्रह्म का विवेक तुम अपने पास रखो हम तो कृष्ण प्रेम में ही तन्मय है वह हमें प्रत्यक्ष दर्शन देते रहता है, तुम्हारे उस निर्गुण ब्रह्म की आराधना हेतु हम दूसरा मन और चित कहां से लाए क्योंकि हमारा चित तो कान्हा ने चुरा लिया है।

वही श्रीराधा जी ने भी उद्धव को उपदेश दे डाला और कहा कि प्रेम राज्य में एक ही प्रीतम का शासन



होता है, अपना तो ज्ञान, शास्त्र, कर्म, धर्म सब कुछ कन्हैया है, अपनी सांस तक कृष्ण में है फिर तुम्हारा थोथा ज्ञान हम कहां रखें। इस प्रेम की भूमि में तुम प्रेम की बात कर सकते हो शुष्क ज्ञान की नहीं, उन्होंने कहा कि भगवान सर्वव्यापी हैं फिर भी तुम उन्हें केवल मथुरा वासी बता रहे हो, तब उद्धव जी ने क्षमा मांगते हुए कहा की आज मुझे ज्ञात हो गया की श्री राधा माधव अभिन्न है यह मैंने प्रत्यक्ष देखा।

### मन के मंथन और विकारों के त्याग से मिलेगा अमृत



**चंदखुरी।** लाभांडीह सूरज नगर बजरंग चौक पर मोहल्ला वासियों के द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण अमृत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया गया है। प्रवचन का समापन 20 मई को होगा। कथावाचक पंडित श्री रूपेश महाराज है। पारायण राहुल और पंकज महाराज कर रहे हैं। पंडितजी ने गरुवार को समुद्र मंथन की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि जीवन से विकारों का त्याग कर मन रूपी समुद्र का मंथन करने से अमृत की प्राप्ति होती है। मनुष्य दूसरों को सुखी करने के लिए जो स्वयं दुख सह ले वही शिव शंकर भोले बाबा महादेव हैं। जो मनुष्य स्वयं को सुख के लिए दूसरों को दुखी करें वह दानव है। भागवताचार्य महाराज जी आगे कथा में बताए कि भगवान का मोहिनी रूप का वर्णन करते हुए कहा कि मोहनी मोह माया का ही स्वरुप है।

### श्रीमद भागवत कथा का लिया आनंद



**आरंग।** गुरुवार को छ.ग. प्रदेश किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री वेदराम मनहरे अपने संक्षिप्त प्रवास में आरंग पहुंचे। उनके मिडिया प्रभारी अविनाश साहू ने बताया कि वे गौरा गुड़ी केवशी लोधी पारा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में सम्मिलित होकर कथा श्रवण किया एवं नगर के प्रतिष्ठित लोगो से भेंट मुलाकात करते हुए महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप में भाजपा कार्यकर्तागण भोलाराम साहू, जी.एस. यादव, गणेशराम साहू, नरसिंग बंजारे, राजेश साहू, सूरज लोधी, नरेंद्र लोधी, चंद्रशेखर साहू, आनंदमूर्ति अग्रवाल, बलराम साहू, राजू यादव, तुलाराम साहू, पुष्कर साहू, महेंद्र ठाकुर, नेम साहू, कान्हा साहू, नरेंद्र साहनी, ईश्वर साहू, दिनेश लोधी, टिकेश्वर गिलहरे, जगन्नाथ पाल आदि उपस्थित थे।

### सीता रूपी शांति के बिना जीवन की यात्रा है अधूरी



**आरंग।** जीवन में सरलता सहजता व पूर्ण समर्पण का भाव आने पर हृदय में भक्ति का प्राकट्य होता है और भक्ति का उदय होने पर ज्ञान वैराग्य जागृत होते है। जीवन में सभी प्राणी शांति की कामना करते हैं किन्तु दूसरो की शांति भंग कर सुख की इच्छा रखना बेमानी है,, जिस तरह जल व उसकी तरंग अलग नहीं ठीक उसी तरह प्रभु श्रीराम व सीता जी भिन्न नहीं है। अगर सीता जी मानस के पन्ने हैं तो राम जी अक्षर हैं। परमात्मा परीक्षा का नहीं अपितु प्रतीक्षा का विषय है। उक्त प्रेरक उद्गार कथाव्यास पं. छत्रधर दीवान के है।

---

# ज्वेलरी शाप में चोरी का प्रयास, आरोपी कैमरे में कैद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

थाना क्षेत्र में इन दिनों सड़क किनारे घरों और मकानों में ही चोरों का आतंक बढ़ गया है, ग्रामीण क्षेत्र होने की वजह से पुलिस पेट्रोलिंग भी पूरी नही हो पाती जिसका फायदा चोर उठा रहे है। बीती रात भी अज्ञात चोरों ने सड़क किनारे एक ज्वेलरी साप को निशाना बनाया है। जिसका सीसी टीवी की फुटेज में स्पस्ट दिखाई दे रहा है जिस पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार मेन रोड चंडी मंदिर के सामने मोहदी मोड के पास चरौदा में मेरा सोना चांदी का ओमकार ज्वेलर्स के नाम से है। 15 मई को हमेशा की तरह रात्रि 08.00 बजे अपने दुकान को बंद कर ग्राम सांकरा चला गया था। तभी रात्रि करीबन 1.00 बजे करीबन मकान मालक ने दुकान दार को फोन कर बताया कि आपके सोने चांदी के दुकान का ताला अजात व्यक्ति व्दारा तोडने का प्रयास किया है तथा दुकान के सामने लगे केमरा को तोडफोड कर दिया है।

**जांच के बाद कार्रवाई**

*थाना प्रभारी शिवेंद्र राजपूत ने बताया कि चोरी का प्रयास किया गया है और सीसीटीवी से फुटेज ले कर जांच कर रहे है। जल्द ही आरोपी गिरफ्त में होगा।*

---

# आत्मानंद विद्यालय में लॉटरी प्रक्रिया से 40 बच्चों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसीवां/कूंरा




स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय कुंरा में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा पहली के 40 सीटों के लिए लॉटरी निकाली गई। पूरी लाटरी प्रक्रिया के तहत सम्पन्न हुई।

बता दे कि स्वामी आत्मानंद विद्यालय में भर्ती प्रकिया के तहत 40 सीट के लिए लाटरी पद्धति से चयन किया गया इस अवसर पर पालक गण एवम शिक्षकों के समक्ष निष्पक्ष एवम नियमानुसार की गई, जिन बच्चों के नाम लॉटरी में चयन हुए उनके चेहरे पर खुशियां छा गई ।

पहली में कुल 149 आवेदन प्राप्त हुए थे अतः सीटो की संख्या सीमित होने के कारण बाकी पालको को मायूस लौटना पड़ा, चुकी अन्य कक्षाओं में सीट रिक्त नही है अतः केवल कक्षा 5वी के एक रिक्त सीट के लिए ही लॉटरी निकली गई। कक्षा 9वी से 12वी के रिक्त सीटों पर प्रवेश लिखित परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर किया जायेंगे जबकि 9वी के रिक्त सीटों में दाऊ पोषण लाल अंग्रेजी माध्यम के आवेदित सभी बच्चों का चयन हुआ। प्राचार्य सुजाता बहल ने सभी चयनित बच्चो को एवम उनके पालको को बधाई दी।

---

# किसानों ने अब तक लिया हजार करोड़ का कर्ज, सोसाइटियों में खाद बीज का भंडारण और उठाव तेज

- किसानों को 7 हजार 300 करोड़ ऋण देने का लक्ष्य
- सोसाइटियों और बीज निगम में उपलब्ध हैं धान के बीज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन की फसलों के लिए किसानों ने बिना ब्याज का ऋण देने की प्रक्रिया तेज है। अब तक राज्य में किसानों ने एक हजार करोड़ रुपयों का ऋण उठाया है। किसानों को नकद राशि के साथ खाद भी बतौर ऋण दिया जाना है। सहकारी क्षेत्र के लिए पौने तीन लाख मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है। किसानों ने अब तक 66 हजार मीट्रिक टन खाद उठाया है।

राज्य सरकार ने इस खरीफ सीजन में किसानों को 7 हजार 3 सौ करोड़ रुपए ऋण देने का लक्ष्य रखा है।

### समितियों से खाद का वितरण प्रारंभ

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में 25 लाख से अधिक पंजीकृत किसान हैं। किसानों को खाद के वितरण के लिए 2058 सोसायटियां हैं। अभी यूरिया का जितना भंडारण हुआ है, उसका 18728 टन वितरण हो गया है। बोनी शुरू होते ही किसानों को खाद की समस्या से जूझना पड़ सकता है। वैसे अभी रैक आने पर जून से पहले यूरिया का पूरा भंडारण करवा का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में खाद का भंडारण लक्ष्य के अनुरूप करने का प्रयास हो रहा है।

---

# विधायक अनुज शर्मा ने पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय अभिनेता और विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने

- भोग भंडारा के साथ अस्पतालों में बंटे फल और मिठाइया

अपने जन्मदिन पर क्षेत्र के मंदिरों में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजधानी रायपुर सहित विधानसभा क्षेत्र में विधायक अनुज शर्मा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर धरसींवा भाजपा मंडल में सुंदरकांड की पाठ के साथ भव्य रामायण और भंडारा का आयोजन किया गया साथ ही विधानसभा के ग्राम दोन्दे खुर्द में भी विधायक का जन्म दिवस मनाया गया।



### इनकी रही महती भूमिका

भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर के के वर्मा,युवा मोर्चा अध्यक्ष टीनू कांत वर्मा,महिला मोर्चा अध्यक्ष रूखमणी शिवारे, कार्यालय प्रभारी विवेक शर्मा, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता चन्द्राकर,विधान सभा मण्डल अध्यक्ष भरत सोनी,शेखर वर्मा,उमराव साहू, कौशल साहू, जनपद सदस्य भूपेंद्र कसार, मीडिया प्रभारी हेमन्त वर्मा, युवा भाजपा नेता गोपाल अग्रवाल,अश्वनी वर्मा,विनय पांडे, किरण साहू,नत्थु यादव, चंद्रकांत सोन मिरी,पोषण वर्मा, फाजिल खान,सरपंच विद्या भूषण वर्मा,रेमन पाल सहित कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

---

# प्रदेश के मंत्री दिखा रहे अब ओडिशा में प्रचार में दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मंत्रियों, विधायकों एवं

- दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ बृजमोहन, टंकराम, चौधरी के साथ राजेश मूणत भी डटे

पदाधिकारियों ने गुरुवार को भी ओडिशा से अलग-अलग लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्र में प्रचार अभियान जारी रखा। मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव बरगढ़ एवं संभलपुर, वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल कांटाभांजी लोकसभा क्षेत्र, मुख्यमंत्री विजय शर्मा बरगढ़ एवं मयूरभंज, मंत्री ओपी चौधरी बरगढ़ एवं सुंदरगढ़, मंत्री टंकराम वर्मा सुंदरगढ़, पूर्व मंत्री राजेश मूणत भुवनेश्वर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा संबलपुर साहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रचार अभियान में जुटे हुए हैं।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, भारतीय जनता पार्टी से बेहतर विकल्प ओडिशा के लिए कोई और नहीं है क्योंकि जिस प्रकार पिछले 25 वर्षों से ओडिशा का शोषण किया गया है। उसके विदाई का ओशासा की जनता ने मन बना लिया है। ओडिशा की जनता इस चुनाव को भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनाने के सुनहरे अवसर के रूप में देख रही है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, ओडिशा की तकदीर एवं तस्वीर बदलने के लिए भाजपा जरुरी है। क्योंकि नवीन पटनायक सरकार का रवैया ओडिशा के विकास के लिए निष्क्रिय है। पटनायक सरकार केवल सत्ता को अपना उद्देश्य मानती है सेवा को नहीं।

---

**विश्व बैंक परियोजना :** 

# जीआईएस बेस मैप सर्वे में कई निकाय पिछड़े, अब 31 तक पूरा करना होगा परियोजना का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विश्व बैंक परियोजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ के 46 नगरीय निकायों को संपत्ति सर्वे, संपत्ति का ड्रोन सर्वे, जीआईएस बेसमैप तैयार करने और हर घर में डिजिटल डोर नंबर लगाने का जो काम दिया गया था वह अब तक पूरा नहीं हो पाया है। राज्य शहरी विकास अभिकरण(सूडा) ने इस मामले को लेकर उन निकायों को रिमाइंडर जारी किया है जिनका काम लक्ष्य से पीछे चल रहा है। सूडा ने इस स्थिति को खेदजनक मानते हुए कहा है कि यह निकायों की उदासीनता का परिचायक है।

सूडा ने इस मामले में राज्य के कई निकायों को रिमाइंडर लेटर जारी किया है। इनमें नगर निगम धमतरी, नगर पालिका परिषद खैरागढ़, शिवपुर



चरचा, आरंग, बालोद, बेमेतरा, जामुल, सरायपाली, सक्ती, दीपिका, डोंगरगढ़, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, रतनपुर, भाटापारा, जांजगीर-नैला, तिल्दा नेवरा, बलौदाबाजार, कांकेर, कोंड़ागांव, बड़े बचेली, बीजापुर, मुंगेली, चांपा और अकलतरा शामिल है।

### अब जारी हुआ ये निर्देश

सूडा ने संबंधित निकायों को निर्देशित किया है कि निकाय में कार्यरत एजेंसी द्वारा निकाय क्षेत्रांतर्गत वार्डवार किए गए डोर टू डोर सर्वे, डाटा के गुणवत्ता परीक्षण का काम दस दिन के अंदर पूरा करें। सूडा ने निकायों को एक डोर टू डोर संपत्ति सर्वे के अनुसार संपत्तियों की जानकारी देने एक प्रोफार्मा भी जारी किया है। निकायों से यह जानकारी देने कहा गया है। इसमें जीआईएस में कुल पार्सल संख्या, डोर टू डोर संपत्ति सर्वे की कुल संख्या के साथ जानकारी देनी है। इसमें संपत्ति के उपयोग, संपत्ति की संख्या, डोर लॉक्ड, नो रिस्पांस संपत्ति की संख्या की जानकारी देनी है। जिन संपत्तियों की जानकारी देनी है उनमें एग्रीकल्चर, एजुकेशनल, इमरजेंसी, शासकीय, औद्योगिक, मिश्रित, ओपन प्लाट, ओपन स्पेस, पार्क, पार्किंग, पब्लिक सर्विस, रिक्रियेशन, धार्मिक, आवासीय, निर्माणधीन, और वाटर बाडीज यानी तालाब, नहरों के बारे में जानकारी देना शामिल है।

---

# फोरलेन के नाले पर 3 पुल-पुलिया बनाने की मांग की, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

किसानों की समस्याओं से किसी भी जनप्रतिनिधियों को कोई लेना–देना

- पूर्व विधायक व मंत्री को ज्ञापन सौंपा था जिस पर आज तक कार्रवाई नहीं

नहीं है। यही कारण है कि किसान अपनी समस्याओं के लिए जीवन भर सरकार से गुहार लगाते रहते है। आरंग पालिका क्षेत्र में किसानों को खेती किसानी के लिए विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को खेतो में जाने के लिए सुगम रास्ता नहीं है। खेत आने–जाने के रास्ते में अवैध कब्जा का भरमार हो गया है। आज वोट की राजनीति में इस समस्या का हल किसी के पास नहीं हैं। फोरलेन निर्माण के पूर्व किसान कैसे भी करके अपने खेत पहुंच जाया करते थे। आज फोरलेन बनने के बाद किसानों को खेती किसानी करने में परेशानी ही परेशानी हो रही है। फोरलेन के नीचे एक छोटा सा नाला भी है। इस नाला में आरंग शहर के गंदा पानी का भी बहाव है। इस नाला के कारण किसानों को खेत से फसल लाने में लंबी दूरी की यात्र करना पड़ता है।

इस समस्या के निराकरण के लिए किसान नेता छबीलो सोनवानी ने किसानों के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में बताया जा रहा है कि फोरलेन के नीचे छोटा नाला में दो–तीन स्थानों में पुल–पुलिया का निर्माण किया गया तो किसानों को खेती किसानी में सुविधा होगी। पुल–पुलिया निर्माण हेतु किसानों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन क्षेत्र के विधायक, सांसद, पालिका अध्यक्ष को दिया जाएगा। छोटा नाला में पुल पुलिया निर्माण से कम रकबा वाले छोटे–छोटे किसानों लाभान्वित होंगे। ज्ञात हो कि इस समस्या के निराकरण के लिए भी क्षेत्र के पूर्व विधायक व मंत्री को भी ज्ञापन दिया गया था। ज्ञापन पर फाइल आगे जरूर बढ़ गया था। इसी बीच विधानसभा चुनाव आ गया और इस समस्या का फाइल आगे ही नहीं बढ़ सका।

---

**// आम सूचना //**

**जारी दिनांक 05/05/2024**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद**
**तहसील- मंदिर हसौद जिला- रायपुर**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नम्रता तिवारी पिता/पति भूपेन्द्र निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम बाहनाकाडी पटवारी हल्का नंबर 13 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 37 रकबा 1.4300 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 14.03.2024 के परिपालन में दिनांक 21.05.2024 को समय 01 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 13 के बाहनाकाडी में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
मंदिर हसौद

Health Town

डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक

Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244

स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ

सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा

टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।

शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा

Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

# पिछले चुनाव में जमानत राशि से 5 लाख हुई थी कमाई, इस बार 7 लाख से ज्यादा की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा लोकसभा सीट चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म के साथ जमा की जमानत राशि से इस बार भी प्रशासन को जमकर कमाई हो सकती है। इस सीट के लिए इस बार 38 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा है, जिसका परिणाम 4 मई को मतगणना के दिन आएगा। पिछले लोकसभा चुनाव में 25 प्रत्याशी मैदान पर थे, जिनमें से निर्वाचित भाजपा प्रत्याशी के अलावा हारे प्रत्याशियों में सिर्फ कांग्रेस प्रत्याशी ही अपनी जमानत राशि बचा पाने में कामयाब हुए थे। शेष 23 प्रत्याशियों की जमानत राशि जब्त हो गई थी, जिससे प्रशासन को करीब पांच लाख रुपये की कमाई हुई थी। चुनाव के परिणाम पिछली बार की तरह अगर इस बार भी आते हैं, तो प्रशासन से इससे मोटी कमाई होगी, क्योंकि इस बार 38 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा है। ऐसे में अगर 36 प्रत्याशी अपनी जमानत बचा पाने में असफल होते हैं, तो प्रशासन को 7 लाख रुपये से ज्यादा की कमाई हो सकती है।

रायपुर लोकसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करने साथ प्रत्याशियों को जमानत राशि भी जमा कराई गई है। इसके लिए निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार जाति वर्ग के अनुसार दो प्रकार की जमानत राशि जमा कराई है। इसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग को छूट देते हुए 12 हजार 5 सौ रुपये तथा अन्य वर्ग के प्रत्याशी से 25-25 हजार रुपये जमानत राशि जमा कराई गई है। विधानसभा चुनाव में जमानत राशि 5 हजार और 10 रुपये थी।

## रायपुर लोकसभा सीट चुनाव वर्ष 2019 में 25 में 23 प्रत्याशी बचा नहीं पाए थे जमानत

### जमानत राशि बचाने कुल मतों का 1/6 प्रतिशत वोट पाना अनिवार्य

लोकसभा चुनाव हो या फिर विधानसभा या फिर पार्षद चुनाव। निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार प्रत्याशी अपनी जमानत राशि तभी बचा पाएगा जब निर्वाचन क्षेत्र में पड़े कुल वोटों का 1/6 यानी लगभग 16.66 प्रतिशत वोट उसे मिले हो। इससे कम वोट मिलने पर प्रत्याशी की जमानत राशि जब्त हो जाती है।




### जीते और निर्धारित वोट पाने वाले को लौटाई जाएगी जमानत राशि

आयोग की गाइड लाइन के अनुसार चुनाव में जीते प्रत्याशी के अलावा हारे प्रत्याशियों में निर्धारित वोट हासिल करने वाले प्रत्याशियों को उनकी जमानत राशि वापस लौटाई जाती है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा से निर्वाचित हुए सुनील सोनी और हारे प्रत्याशी में कांग्रेस प्रत्याशी से प्रमोद दुबे को जमानत राशि वापस लौटाई गई थी।

## खबर संक्षेप



### प्रमुख सचिव बोरा ने किया प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

**रायपुर।** आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने गुरुवार सुबह सड्डू स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। जहां वे विद्यालय में जेईई, आईआईटी सहित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों से रूबरू हुए। प्रमुख सचिव श्री बोरा ने प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से कहा कि शासन प्रशासन की मंशा अनुरूप आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा तथा कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए फाइव स्टार होटलों की तरह सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने यहां हॉस्टल के किचन का निरीक्षण कर बच्चों के लिए भोजन व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए।

### आकाश हिमाचल प्रदेश के पछाड़ विधानसभा आब्जर्वर

**रायपुर।** नगर निगम के एमआईसी सदस्य पार्षद आकाश तिवारी को



शिमला लोकसभा के पछाड़ विधानसभा का ऑब्जर्वर बनाया गया है। एआईसीसी से जारी आदेश में हिमाचल प्रदेश के प्रभारी राजीव शुक्ला ने यह आदेश जारी किया है। श्री तिवारी ने शीर्ष नेतृत्व का इस बड़ी जिम्मेदारी और भरोसे के लिए आभार प्रकट किया है।

### रायबरेली में पूर्व मंत्री उमेश ने किया प्रचार



**रायपुर।** रायबरेली के कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के समर्थन में पूर्व मंत्री खरसिया विधायक उमेश पटेल प्रचार के लिए पहुंचे। उन्होंने गुरुवार को रायबरेली के चुनाव अभियान में भाग लिया। रायबरेली में इससे पूर्व विधायक देवेंद्र यादव भी पहुंचे। उन्होंने भी कुछ विधानसभा क्षेत्र में प्रचार संभाला। यहां पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सीनियर ऑब्जर्वर बनाए गए हैं। वे छत्तीसगढ़ के नेताओं के साथ चुनाव प्रचार को गति देने में लगे हुए हैं। राज्य के कई कांग्रेस नेता यहां पर प्रचार के लिए पहुंचे हैं, वे प्रचार के अंतिम दिन 18 मई के बाद वहां से लौटेंगे।

### जुलाई से लागू होंगे नए आपराधिक कानून

**रायपुर।** नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए इन्हें लागू किए जाने के पूर्व पुलिस विभाग के विवेचक अधिकारियों को इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा। पुलिस विभाग के विभिन्न स्तर के पुलिसकर्मियों को नवीन कानूनों का प्रशिक्षण प्रदान किए जाने हेतु पुलिस विभाग द्वारा हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय से समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया है। भारत सरकार द्वारा विगत दिनों तीन नवीन आपराधिक कानूनों का प्रकाशन राजपत्र में किया गया है। उक्त तीनों नवीन कानूनों को आगामी 1 जुलाई से लागू किया जाना है।

## छत्तीसगढ़ की धान खरीदी और महतारी वंदन योजना की ओडिशा में भी धूम

# साय बोले- ओडिशा में भाजपा सरकार बनते ही किसानों से खरीदेंगे 3100 रुपए में धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ओडिशा में जनसभा लेने पहुंचे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वहां के भाजपा के संकल्प पत्र पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ की तर्ज पर यहां भी किसानों को उनके धान की 3100 रुपए कीमत दी जाएगी। आज धान खरीदी के मामले में छत्तीसगढ़ उदाहरण बन कर सामने आया है। ओडिशा में डबल इंजन की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ की तरह यहां भी माताओं को महतारी वंद के जैसे सुभद्रा योजना से आर्थिक मदद की जाएगी।

श्री साय ने कहा, हम धान का कटोरा के नाम से प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ से आते हैं, जहां अन्नदाता भगवान होता है और धान की बाली महतारी के माथे पर सोने जैसे दमकती है। इसीलिए किसान ही छत्तीसगढ़ के सब कुछ हैं, जिसके लिए हमारी भाजपा सरकार समर्पित है। वहां हमारी सरकार वादे के मुताबिक किसानों से 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीद रही है, साथ में अंतर की राशि भी एकमुश्त दे रहे हैं। जैसे ही 4 जून को यहां भाजपा की सरकार बनेगी तो यहां भी 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से धान की खरीदी होगी। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना के तहत हमारी सरकार सत्तर लाख से ज्यादा माता-बहनों को हर महीने के पहले सप्ताह में ही एक-एक हजार की राशि दे रही है। उसी तर्ज पर ओडिशा में भाजपा सरकार बनते ही सुभद्रा योजना के तहत माता-बहनों को 50 हजार का एकमुश्त वाउचर मिलेगा। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी की गारंटी मतलब गारंटी के पूरा होने की गारंटी। इसलिए ओडिशा में डबल इंजन की सरकार बनाएं, क्योंकि भाजपा जो कहती है उसे करती है। हमारे छत्तीसगढ़ में यही हो रहा है।



### साय की तीन सभाएं

*सीएम साय ने सुंदरगढ़ के बालीसंकरा, बरगढ़ के बिजेपुर और बलांगीर के बीरमहाराजपुर में सभाएं करके भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा, यह लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने का चुनाव है। श्री साय ने कहा, हमारे छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी बाजपेयी ने आदिवासियों के हित के लिए अलग से आदिम जाति कल्याण मंत्रालय बनाया, जहां आदिवासी मंत्री पदभार संभालते हैं और बजट की कोई कमी नहीं होती है। आपके ओडिशा के बेटे जुएल ओरांव इस मंत्रालय के दो बार मंत्री बने। इसलिए हम कह सकते हैं कि आदिवासियों का हित भाजपा में ही संभव है।*

### सीएम साय बोले- नक्सल मामलों के लिए नई पुनर्वास नीति लाने पर किया जा रहा विचार

*प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुनर्वास नीति पर कहा, हमारी पुनर्वास नीति के कारण नक्सली आत्मसर्पण भी कर रहे हैं। हम देख रहे हैं कि इस नीति में और नया बेहतर हो सकता है, साथ ही नई पुनर्वास नीति लाने पर विचार किया जा रहा है। नक्सलियों पर की जा रही कार्रवाई को लेकर कांग्रेस द्वारा सवाल खड़े किए जाने पर मुख्यमंत्री ने दुःखद बताया है। उनका कहना है, कांग्रेस को इन सब विषयों को राजनीति से ऊपर उठकर देखना चाहिए। पुलिस ग्राउंड हेलीपेड पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, पिछली बार जब 29 नक्सली मारे गए, तब कांग्रेस और विपक्ष के लोग इस घटना को नकली बता रहे थे, जबकि स्वयं नक्सलियों ने 29 लोगों की लिस्ट जारी की। ये बहुत ही दुःख की बात है। अब इन लोगों को क्या कहें, ये लोग तो सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक पर प्रश्न खड़ा करने वाले लोग हैं। उनसे मेरा यह आग्रह है कि इन सब विषयों को राजनीति से ऊपर उठकर देखें।*

## किसानों ने अब तक लिया हजार करोड़ का कर्ज, सोसाइटियों में खाद बीज का भंडारण और उठाव तेज

- किसानों को 7 हजार 300 करोड़ ऋण देने का लक्ष्य
- सोसाइटियों और बीज निगम में उपलब्ध हैं धान के बीज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन की फसलों के लिए किसानों ने बिना ब्याज का ऋण देने की प्रक्रिया तेज है। अब तक राज्य में किसानों ने एक हजार करोड़ रुपयों का ऋण उठाया है। किसानों को नकद राशि के साथ खाद भी बतौर ऋण दिया जाना है। सहकारी क्षेत्र के लिए पौने तीन लाख मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है। किसानों ने अब तक 66 हजार मीट्रिक टन खाद उठाया है।

राज्य सरकार ने इस खरीफ सीजन में किसानों को 7 हजार 3 सौ करोड़ रुपए ऋण देने का लक्ष्य रखा है। किसानों को ऋण के रूप में नकद राशि और खाद दी जाती है। सहकारी क्षेत्र के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार किसान खरीफ फसलों की तैयारी में जुट गए हैं। 15 मई की स्थिति में किसानों ने एक हजार करोड़ रुपए का ऋण उठाया है। सहकारी सिस्टम से किसानों को देने के लिए पौने तीन लाख मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है। इसमें यूरिया, एपीके, एनपीके, सुपर फास्फेट और पोटास खाद शामिल है। इसी तरह सहकारी क्षेत्र के लिए बीज का भंडारण भी किया गया है। राज्य में खरीफ सीजन में अधिकांशतः धान की खेती की जाती है इसलिए सबसे अधिक भंडारण धान के बीज का किया गया है। 75 हजार क्विंटल धान के बीज साथ कोदो, कुटकी रागी के बीज भी सोसाइटियों में उपलब्ध कराए गए हैं।

### समितियों से खाद का वितरण प्रारंभ

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में 25 लाख से अधिक पंजीकृत किसान हैं। किसानों को खाद के वितरण के लिए 2058 सोसायटियां हैं। अभी यूरिया का जितना भंडारण हुआ है, उसका 18728 टन वितरण हो गया है। बोनी शुरू होते ही किसानों को खाद की समस्या से जूझना पड़ सकता है। वैसे अभी रैक आने पर जून से पहले यूरिया का पूरा भंडारण करवा का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में खाद का भंडारण लक्ष्य के अनुरूप करने का प्रयास हो रहा है।

### बीज निगम में भी 6 लाख टन धान के बीज

बीज निगम के अधिकारियों ने बताया कि खरीफ सीजन को देखते हुए खाद के साथ ही बीज का भंडारण भी किया जा रहा है। प्रदेश में कुल 6 लाख 88 हजार टन बीज की उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य के मुकाबले 6 लाख 60 हजार बीज का भंडारण किया जा चुका है। सहकारी समितियों में 1 लाख 40 हजार टन बीज का भंडारण किया जा चुका है। यहां पर किसानों को बीज का वितरण शुरू किया जा चुका है।

# प्रदेश के मंत्री दिखा रहे अब ओडिशा में प्रचार में दम

## दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ बृजमोहन, टंकराम, चौधरी के साथ राजेश मूणत भी डटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मंत्रियों, विधायकों एवं पदाधिकारियों ने गुरुवार को भी ओडिशा से अलग-अलग लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्र में प्रचार अभियान जारी रखा। मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव बरगढ़ एवं संभलपुर, वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल कांटाभांजी लोकसभा क्षेत्र, मुख्यमंत्री विजय शर्मा बरगढ़ एवं मयूरभंज, मंत्री ओपी चौधरी बरगढ़ एवं सुंदरगढ़, मंत्री टंकराम वर्मा सुंदरगढ़, पूर्व मंत्री राजेश मूणत भुवनेश्वर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा संबलपुर साहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रचार अभियान में जुटे हुए हैं।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, भारतीय जनता पार्टी से बेहतर विकल्प ओडिशा के लिए कोई और नहीं है क्योंकि जिस प्रकार पिछले 25 वर्षों से ओडिशा का शोषण किया गया है। उसके विदाई का ओशासा की जनता ने मन बना लिया है। ओडिशा की जनता इस चुनाव को भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनाने के सुनहरे अवसर के रूप में देख रही है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, ओडिशा की तकदीर एवं तस्वीर बदलने के लिए भाजपा जरुरी है। क्योंकि नवीन पटनायक सरकार का रवैया ओडिशा के विकास के लिए निष्क्रिय है। पटनायक सरकार केवल सत्ता को अपना उद्देश्य मानती है सेवा को नहीं। भाजपा इस बार लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में प्रचंड विजय दर्ज करेगी।






### भाजपा को मिल रहा है भरपूर समर्थन : बृजमोहन अग्रवाल

वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, पटनायक सरकार ने पिछले ढाई दशकों से प्रदेश को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाकर रखा है। पिछले 10 वर्षों में केंद्र की हर कल्याणकारी योजनाओं में अड़ंगा लगाकर ओडिशा को शोषित बनाकर रखा है। लेकिन अब ओडिशा की जनता ने प्रदेश की उन्नति के लिए भाजपा को जिताने का संकल्प कर लिया है और इसीलिए भाजपा को मजबूत समर्थन मिल रहा है। संबलपुर में एक चुनावी सभा में रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा, नवीन पटनायक ने ओडिशा में कुशासन का कीर्तिमान स्थापित किया है। केंद्र की योजनाओं पर बाधा अटकाने एवं मोदी सरकार की योजनाओं पर अपने नाम की लीपापोती करने के अलावा कोई काम नहीं किया है।

### मूणत बैठक में हुए शामिल

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा के निवास कार्यालय (पुरी) में आयोजित बैठक में विधायक राजेश मूणत शामिल हुए। उन्होंने कहा, पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आमजनों के मन में हमारे प्रत्याशी जयंत कुमार सारंगी और संबित पात्रा के प्रति बेहद स्नेह है। जनता ने तय कर लिया है कि वह भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करके ओडिशा में डबल इंजन की सरकार बनाएंगे।

### नेताम झारखंड में

छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री तथा झारखंड के पूर्व सहप्रभारी रहे राम विचार नेताम इन दिनों झारखंड के प्रवास पर हैं। यहां उन्होंने राज्य के गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार एवं जनसंपर्क अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगे।

# मीसा बंदियों के लिए सम्मान निधि जारी सरकार ने दिए 35 करोड़ 42 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मीसा बंदियों को सम्मान निधि देने के लिए राज्य सरकार ने राशि जारी कर दी है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में यह सम्मान निधि रोक दी गई थी। इसके बाद मामला कोर्ट में भी गया था। लोकनायक जयप्रकाश नारायण सम्मान निधि के भुगतान के लिए वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक एरियर्स एवं चालू वित्तीय वर्ष 2024 में भुगतान के लिए जिला कलेक्टर्स को 35 करोड़ 42 लाख 68 हजार रुपए की राशि का आबंटन सौंपा गया है।

### सबसे अधिक राशि दुर्ग जिले को

*लोकनायक जयप्रकाश नारायण सम्मान निधि के भुगतान हेतु जिला कलेक्टर्स को जारी आबंटन में से जिला दुर्ग को 8 करोड़ 22 लाख 12 हजार, रायपुर को 6 करोड़ 65 लाख 26 हजार, राजनांदगांव को 73 लाख 78 हजार, बिलासपुर को 3 करोड़ 90 लाख 60 हजार, बस्तर को 35 लाख 65 हजार, सरगुजा को 1 करोड़ 39 लाख 50 हजार, जांजगीर-चांपा को 1 करोड़ 73 लाख 91 हजार, रायगढ़ को 92 लाख 7 हजार, जशपुर को 79 लाख 5 हजार, धमतरी को 2 करोड़ 74 लाख 66 हजार, महासमुंद को 65 लाख 10 हजार, बलौदाबाजार को 55 लाख 80 हजार, बेमेतरा को 27 लाख 90 हजार, बालोद को 44 लाख 2 हजार और मुंगेली जिले को 65 लाख 72 हजार रुपए की राशि आबंटित की गई है। इसी प्रकार जिला बलरामपुर को 15 लाख 50 हजार रूपए, दंतेवाड़ा को 7 लाख 13 हजार रूपए, कबीरधाम जिले को 38 लाख 75 हजार रूपए, कोरिया जिले को 44 लाख 95 हजार रुपए, कांकेर जिले को*



*29 लाख 45 हजार रुपए, कोरबा जिले को 51 लाख 15 हजार रुपए, सूरजपुर जिले को 35 लाख 65 हजार रुपए, गरियाबंद जिले को 18 लाख 60 हजार रुपए, बीजापुर जिले को 9 लाख 30 हजार रुपए, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले को 23 लाख 25 हजार रुपए, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले को 46 लाख 50 हजार रुपए, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले को 62 लाख रुपए और जिला सक्ती को 1 करोड़ 55 लाख 31 हजार रुपए की राशि आबंटित की गई है।*

# विश्व बैंक परियोजना : जीआईएस बेस मैप सर्वे में कई निकाय पिछड़े, अब 31 तक पूरा करना होगा परियोजना का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विश्व बैंक परियोजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ के 46 नगरीय निकायों को संपत्ति सर्वे, संपत्ति का ड्रोन सर्वे, जीआईएस बेसमैप तैयार करने और हर घर में डिजिटल डोर नंबर लगाने का जो काम दिया गया था वह अब तक पूरा नहीं हो पाया है। राज्य शहरी विकास अभिकरण(सूडा) ने इस मामले को लेकर उन निकायों को रिमाइंडर जारी किया है जिनका काम लक्ष्य से पीछे चल रहा है। सूडा ने इस स्थिति को खेदजनक मानते हुए कहा है कि यह निकायों की उदासीनता का परिचायक है।

सूडा ने इस मामले में राज्य के कई निकायों को रिमाइंडर लेटर जारी किया है। इनमें नगर निगम धमतरी, नगर पालिका परिषद खैरागढ़, शिवपुर चरचा, आरंग, बालोद, बेमेतरा, जामुल, सरायपाली, सक्ती, दीपिका, डोंगरगढ़, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, रतनपुर, भाटापारा,



जांजगीर-नैला, तिल्दा नेवरा, बलौदाबाजार, कांकेर, कोंड़ागांव, बड़े बचेली, बीजापुर, मुंगेली, चांपा और अकलतरा शामिल है।

### अब जारी हुआ ये निर्देश

सूडा ने संबंधित निकायों को निर्देशित किया है कि निकाय में कार्यरत एजेंसी द्वारा निकाय क्षेत्रांतर्गत वार्डवार किए गए डोर टू डोर सर्वे, डाटा के गुणवत्ता परीक्षण का काम दस दिन के अंदर पूरा करें। सूडा ने निकायों को एक डोर टू डोर संपति सर्वे के अनुसार संपत्तियों की जानकारी देने एक प्रोफार्मा भी जारी किया है। निकायों से यह जानकारी देने कहा गया है। इसमें जीआईएस में कुल पार्सल संख्या, डोर टू डोर संपति सर्वे की कुल संख्या के साथ जानकारी देनी है। इसमें संपत्ति के उपयोग, संपत्ति की संख्या, डोर लॉक्ड, नो रिस्पांस संपत्ति की संख्या की जानकारी देनी है। जिन संपत्तियों की जानकारी देनी है उनमें एग्रीकल्चर, एजुकेशनल, इमरजेंसी, शासकीय, औद्योगिक, मिश्रित, ओपन प्लाट, ओपन स्पेस, पार्क, पार्किंग, पब्लिक सर्विस, रिक्रियेशन, धार्मिक, आवासीय, निर्माणधीन, और वाटर बाडीज यानी तालाब, नहरों के बारे में जानकारी देना शामिल है।

### ये फायदा होगा

इस प्रणाली के माध्यम से विकास कार्यों के लिए जगह ढूंढना आसान होगा। जीआईएस मैपिंग में मास्टर प्लान, लैंड यूज आदि का समावेश किया जाएगा, जिससे कि शहर में ट्रैफिक की समस्या के समाधान के लिए कहां अंडर ब्रिज, ओवर ब्रिज या बाई पास रोड बनाई जानी है, स्टेडियम के लिए कौन सी जगह उपयुक्त होगी आदि का पता लगाना आसान होगा।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएं जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉंसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सूजन दर्द पेशाब कम होना या रुकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरों या आंखों में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रुकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिलें मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

# रजिस्ट्री का डॉटा राजस्व विभाग को ट्रांसफर करने में दिक्कत, इसलिए नामांतरण भी अटक रहे

## एनजीडीआरएस प्रणाली से कई रजिस्ट्रियों का डॉटा ट्रांसफर कराने में आ रही दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ के पंजीयक दफ्तरों में आम लोगों के लिए रजिस्ट्री पारदर्शी और सरल बनाने के लिए एनजीडीआरएस प्रणाली लागू किया गया है। इस प्रणाली के तहत लोगों को कई तरह की सुविधाएं तो मिल रही हैं, लेकिन कुछ खामियों के कारण लोगों को परेशानी भी हो रही है। नई प्रणाली के तहत रजिस्ट्री कराने में बहुत कम समय लग रहा है, लेकिन रजिस्ट्री के बाद नामांतरण कराने में लोगों को पटवारी और तहसील दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इसका कारण एनजीडीआरएस प्रणाली से रजिस्ट्री का डॉटा राजस्व से संबंधित साफ्टवेयर में सेंड नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण पटवारी और तहसीलदार की आईडी में भी रजिस्ट्री का डॉटा दिखा नहीं रहा है। इस कारण नामांतरण भी नहीं हो पा रहे हैं।

### उप पंजीयक भी डॉटा ट्रांसफर करने में कर रहे देर

एनजीडीआरएस प्रणाली लागू होने के बाद रजिस्ट्री का सारा काम ऑनलाइन हो गया है। रजिस्ट्री के लिए सारे दस्तावेजों को स्कैन कर साफ्टवेयर में ऑनलाइन अपलोड किए जाने के बाद ही रजिस्ट्री होती है। रजिस्ट्री के बाद उसे राजस्व विभाग के लॉगिन में ट्रांसफर किया जाता है, लेकिन कई उप पंजीयक ट्रांसफर करने की प्रक्रिया में बहुत देर कर रहे हैं। कुछ तो कई हफ्ते बाद ट्रांसफर की प्रक्रिया कर रहे हैं, जिसके कारण नामांतरण की प्रक्रिया में देर हो रही है।




### पहले थी दिक्कत, अब सुधार आया है

पंजीयक विभाग में नये प्रणाली के कारण राजस्व विभाग में डॉटा नहीं आने के कारण नामांतरण की प्रक्रिया पहले बहुत अटक रही थी। यह समस्या अब कम हुई है। हालांकि लैंग्वेज एक बड़ी समस्या है। पहले रजिस्ट्री का डॉटा हिंदी में आता था, अब इंग्लिश में आ रहा है, जिसके कारण परेशानी हो रही है।

*- कमलेश तिवारी, पटवारी रायपुर*

### तकनीकी कारण से सेंड नहीं हो पा रहा डॉटा

एनजीडीआरएस प्रणाली में रजिस्ट्री का डॉटा सेंड करने के लिए ऑप्शन दिया है। सेंड करने के बाद भी कभी-कभी कोई डॉटा राजस्व विभाग को ट्रांसफर नहीं हो पाता। इस संबंध में कोई आकर जानकारी देता है, तो दोबारा तत्काल ट्रांसफर की प्रक्रिया की जाती है।

*- मंजूषा मिश्रा, उप पंजीयक, रायपुर*

### दो सौ से अधिक मामले

सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में रजिस्ट्री कराने के बाद ऐसे दो सौ से अधिक प्रकरण हैं, जिनका डॉटा एनजीडीआरएस में ही अटका हुआ है। यह डॉटा सेंड नहीं हो पाया है। पटवारी और तहसीलदार की आईडी में रजिस्ट्री का डॉटा नहीं पहुंचने के कारण नामांतरण की प्रक्रिया भी अटकी हुई है।

### राजस्व साफ्टवेयर में डॉटा अपलोड होने के बाद होता है नामांतरण

राजस्व विभाग के ऑनलाइन साफ्टवेयर में रजिस्ट्री का डॉटा अपलोड होने के बाद ही नामांतरण की प्रक्रिया होती है। पंजीयक विभाग की पुरानी प्रणाली के दौरान रजिस्ट्री होते ही दो दिन के भीतर पूरा डॉटा राजस्व विभाग के साफ्टवेयर में अपलोड हो जाता था, जिसके बाद स्वतः नामांतरण की प्रक्रिया शुरू हो जाती थी। एनजीडीआरएस प्रणाली में कुछ तकनीकी कारणों से कई रजिस्ट्रियों का डॉटा राजस्व विभाग के साफ्टवेयर में सेंड नहीं हो पा रहा है।

## खबर संक्षेप



### बाल आश्रम अध्यक्ष का किया अभिनंदन

**रायपुर।** बाल आश्रम रायपुर के अध्यक्ष और विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के संचालक अजय तिवारी के जन्मदिन पर अनेक संस्थाओं ने गुरुवार को उनका अभिनंदन कर उनके दीर्घायु होने की कामना की। इसी दौरान पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि अकेला ही चला था जानिबे मंजिल, लोग जुड़ते गए और कारवां बनता गया। ये लाइनें अजय तिवारी पर सार्थक होती हैं। इस अवसर पर अमितेष शुक्ल, देवीचंद श्रीश्रीमाल, गोकुलदास डागा, मदन लाल तालेड़ा, डॉ. कमलेश अग्रवाल, राजकिशोर नत्थानी, विजय दानी, डॉ. सुरेश शुक्ला, डॉ. लक्ष्मीकांत निगम, पीआर गोलछा, गोवर्धन दास डागा, दीपक दुबे, रूपचंद श्रीश्रीमाल, शिवराज भंसाली, आरके गुप्ता, अनिल गुप्ता, ललित चौरड़िया, निखिल अम्बिलकर, डॉ. देवाशीष मुखर्जी, अजय दानी, शिवशंकर दानी, डॉ. संगीता घई, पीडी दीवान आदि उपस्थित रहे।

### आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में आदिवासी सुरक्षित नहीं

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बाद भी छत्तीसगढ़ में आदिवासी सुरक्षित नहीं हैं। मुख्यमंत्री को जवाब देना चाहिये कि क्यों आदिवासियों को पांच माह में अभी तक सुरक्षित नहीं कर पाए। कोरबा में बैगा परिवार की हत्या हो रही है। बस्तर में नक्सलियों के नाम से गोली मारी जा रही है। निर्दोष बच्चों की विस्फोट में मौत हो रही है, इसके लिये सरकार क्या रही है? एक आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बाद आदिवासी वर्ग को सुरक्षित नहीं कर पाये, इससे बड़ा दुर्भाग्य छत्तीसगढ़ के लिये कुछ नहीं हो सकता।

### राहुल को पीएचडी

**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी द्वारा राहुल तिवारी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उनका शोध कार्य पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संतोष कुमार के निर्देशन में पूरा हुआ। शोध का विषय 'छत्तीसगढ़ी सिनेमा का बदलता स्वरुप' रहा। शोध को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक तीनों बिन्दुओं के आधार पर तैयार किया गया। राहुल तिवारी लंबे वक्त से एक निजी महाविद्यालय में अध्यापक के रूप में कार्यरत हैं।



## निधन



### पांडुरंग मोघे

**रायपुर।** महाराष्ट्र के अहमद नगर निवासी वरिष्ठ प्रचारक पांडुरंग मोघे का 16 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 मई को दोपहर 1 बजे बजे धमतरी के मुक्तिधाम में किया जाएगा। उनके निधन पर जागृति मंडल रायपुर के पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



### गुहाराम साहू

**रायपुर।** आरंग के ग्राम निसदा निवासी गुहाराम साहू (85) का 16 मई को निधन हो गया। वे टीकाराम, सीताराम और राजाराम साहू के पिता थे।

# गर्मी निकल रही, एंटी स्मॉग गन का ठिकाना नहीं, पौधों पर जमने लगी धूल की परत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शहर में गर्मी निकल रही पर बगीचों और डिवाइडर पर लगे पेड़ पौधों से धूल की परत हटाने वाली एंटी स्मॉग गन कहीं नजर नहीं आ रही है। शॉवर मशीन से पेड़ पौधों पर पानी का छिड़काव वायु प्रदूषण कम करने निगम अफसरों ने जो दावा किया, वह खोखला साबित हो रहा है। मेट्रो सिटी की तर्ज पर पौधों पर प्रदूषण के स्तर को कम करने नगर निगम ने पूरे 10 लाख खर्च कर यह मशीन खरीदी है, जो ट्रायल के बाद से शहरवासियों की नजरों से ओझल है।

- 10 लाख खर्च कर निगम ने खरीदी मशीन, ट्रायल के बाद शहर से गायब

राजधानी रायपुर में बगीचों, सड़क के डिवाइडर पर लगे पेड़-पौधों और फूलदार पौधों को पानी देने और पत्तियों पर जमा धूल कणों पर पानी की फुहार नहीं देने से तेज गर्मी में आंखों को सुकून देने वाले पेड़ पौधे सूखने लगे हैं। तेज हवा के कारण पेड़ पौधों पर धूल की मोटी परत जमने लगी है, इससे वायु प्रदूषण का खतरा बढ़ा है। शहर के प्रमुख मार्गों सहित आउटर के इलाकों में स्थित बगीचों और डिवाइडर पर लगाये गये पेड़ पौधों की कमोबेश यही स्थिति है।



### आवश्यकता अनुसार उपयोग

एंटी स्मॉग मशीन का अभी तक बहुतायत से उपयोग नहीं हो रहा है। डिवाइडर के पौधों और चौराहों में लगाये गए पौधों से धूल की परत हटाने आवश्यता अनुसार इसका उपयोग किया जाता है।

*- विनोद पांडे, अपर आयुक्त, नगर निगम रायपुर*

### इस तरह से काम करती है मशीन

एंटी स्मॉग गन महीन पानी की बूंदें बनाती है, बड़े पंखे की मदद से पानी की बूंद को पौधे के हर पत्ते तक फैलाई जाती है। इससे यह हवा में मौजूद महीन धूल कणों को अवशोषित कर लेती है। खासकर पेड़-पौधों की पत्तियों पर जमा धूल के कणों को पानी की फुहार कर उससे होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने में सहयोग मिलता है।

### 180 डिग्री तक पानी का छिड़काव की क्षमता

पौधों पर जमी धूल और वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने निगम द्वारा खरीदी गई एंटी स्मॉग गन मशीन पूरी तरह से ड्राइवर केबिन द्वारा कंट्रोल की जाने वाली मशीन है। यह 180 डिग्री तक पानी का छिड़काव करने की क्षमता रखती है। इसमें 4 हजार लीटर तक पानी का टैंकर लगा है, मशीन डेढ़ घंटे तक छिड़काव करने में सक्षम है।

## सूखा नशा के विरोध में थोक सब्जी विक्रेताओं ने चलाया जागरूकता अभियान

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में नशा मुक्ति को लेकर पुलिस प्रशासन निजात अभियान चला रहा है। इस अभियान से धीरे-धीरे सामाजिक संगठनों के साथ अब व्यापारी संगठन भी जुड़ते जा रहे हैं। श्रीराम थोक सब्जी विक्रेता समिति डूमरतराई ने भी इस अभियान का समर्थन किया है। समिति के सदस्य इस अभियान से जुड़ते हुए डूमरतराई में सूखे नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष टी.श्रीनिवास रेड्डी, सचिव हरीश बाबरिया, माना थाना प्रभारी भावेश गौतम सहित अन्य पुलिस कर्मचारी भी उपस्थित रहे।




## दुरंतो एक्सप्रेस रहेगी रद्द

**रायपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के लिए मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के सीएसएमटी स्टेशन के प्लेटफार्म विस्तार के लिए स्टेशन व स्टेशन यार्ड में नॉन इंटरलाकिंग का कार्य किया जा रहा है। इस वजह से 31 मई 2024 को हावड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दुरंतो एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसके अलावा 2 जून 2024 को सीएसएमटी से चलने वाली गाड़ी संख्या 12261 सीएसएमटी-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस रद्द रहेगी। गंतव्य से पहले 16 मई से 31 मई 2024 तक हावड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 12810 व 12870 हावड़ा-सीएसएमटी सुपरफास्ट मेल एक्सप्रेस दादर स्टेशन पर समाप्त होगी।

# एवरग्रीन चौक से रजबंधा मैदान तक जलभराव से राहत दिलाने नाला निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

एवरग्रीन चौक से रजबंधा मैदान तक शहरवासियों को बारिश के दिनों में अब जलभराव से दिक्कत नहीं होगी। जलभराव रोकने नगर निगम ने यहां 3 करोड़ की लागत से अंडरग्राउंड नाला निर्माण का काम शुरू कराया है। नगर निगम जोन 4 से अनुबंधित ठेकेदार ने नाला निर्माण कार्य मंगलवार से शुरू कर दिया है। यह नाला 2 मीटर चौड़ा और सड़क के आर-पार होगा और मौदहापारा के पुराने नाले को कनेक्ट करेगा।

- जीई रोड में तेजी से चल रहा क्रासिंग नाला निर्माण

दरअसल, राजधानी के बांसटाल क्षेत्र, मिलेनियम प्लाजा के आसपास के इलाके में बारिश के दौरान जलभराव होने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है। जयस्तंभ चौक और शहीद स्मारक भवन के सामने और रजबंधा मैदान स्थित एकात्म परिसर के पास बारिश का गंदा पानी भरने से आवागमन में दिक्कत आती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए जोन 4 के लोककर्म विभाग द्वारा जलभराव की समस्या दूर करने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर करीब 3 करोड़ की लागत से पक्का नाला निर्माण कराया जा रहा है।



वर्तमान में जीई रोड में क्रासिंग नाला निर्मित करने का कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है। जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता पदमाकर श्रीवास की टीम को जीईरोड में क्रासिंग नाला निर्माण कार्य की मानिटरिंग का जिम्मा दिया गया है। जीई रोड में क्रासिंग नाला के बनने से बांसटाल क्षेत्र, मिलेनियम प्लाजा एवं आसपास के क्षेत्रों को बारिश में होने वाले जलभराव की पुरानी समस्या से राहत मिलेगी।

# एयरपोर्ट टर्मिनल में लावारिस बैग में बम की सूचना से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब लोगों को पता चला की एयरपोर्ट टर्मिनल में किसी ने एक लावारिश बैग में बम रख दिया है। मौके पर पहुंची अलग-अलग सुरक्षा एजेंसी, जिसमें राज्य पुलिस के कर्मी भी शामिल थे, इन लोगों ने सवा घंटे की मशक्कत के बाद लावारिश बैग को रिकवर करने में कामयाबी हासिल की। एयरपोर्ट पहुंचे यात्रियों को जब इसकी जानकारी मिली कि एयरपोर्ट की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह मॉक ड्रिल है, तब लोगों ने राहत की सांस ली।

- सुरक्षा जांचने बम थ्रेट मॉक ड्रिल की गई



गौरतलब है कि ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सेक्यूरिटी (बीएसीएएस) देश के सभी एयरपोर्ट पर वर्ष में एक बार सुरक्षा जांच करने बम थ्रेट मॉक ड्रिल का आयोजन करती है। उसी कड़ी में स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर बुधवार को बम थ्रेट मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। बीएसीएस द्वारा जारी बयान के मुताबिक मॉक ड्रिल की योजना बनाने के लिए सभी समिति सदस्यों के साथ पुराने टर्मिनल भवन में सोमवार को कॉन्फ्रेंस हॉल में टेबल टॉप बैठक आयोजित की गई। इसके बाद किस तरह से मॉक ड्रिल करना है, इस पर चर्चा की गई।

## रेन सिन कान कराटे जोनल ट्रेनिंग कैंप में गोवा के लिए चयनित खिलाड़ी

**रायपुर।** रेन सिन कान कराटे जोनल ट्रेनिंग कैंप और बेल्ट एग्जाम में सेमरिया रायपुर के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए छग कराटे फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष सेंसाई रमाकांत एस. मिश्र ने बताया कि तखतपुर में हुई स्पर्धा में बिलासपुर, मुंगेली, महासमुंद, कोरबा, रायपुर, जांजगीर-चांपा आदि जिलों के 150 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। जहां चयनित विद्यार्थियों को आगामी 19 मई को गोवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कराटे टूर्नामेंट में भेजा जाएगा। ग्रेडिंग परीक्षा में सेमरिया रायपुर के छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी। स्पर्धा में कराटे प्रशिक्षक संदीप साहू, राज कपूर गेंदारे, नेमस साहू, बहोरन वर्मा, अनुराधा गिरी, पायल वर्मा, अंजलि गिरी, सोनी कर्ष, भोजराज साहू, गणेश कुमार, विवेक मरकाम एवं सागर जायसवाल ने प्रशिक्षण प्रदान करने में विशेष भूमिका निभाई।



## पेज 11 के शेष ...

### मंदिर हसौद इलाके में...

भी बता नहीं पा रहे हैं। जिला कलेक्टर ने जिले में अवैध प्लाटिंग सहित रेत व मुरुम का अवैध उत्खनन व भंडारण करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत मंदिर हसौद क्षेत्र के ग्राम नकटा में रेत और मुरुम का अवैध भंडारण करने की मिली शिकायत पर तहसीलदार और सीएमओ के नेतृत्व में टीम पहुंची थी। कारोबारियों ने गांव के आउटर में शासकीय जमीन पर रेत और मुरुम का भंडारण किया हुआ था। यहां रेत करीब 310 हाईवा और मुरुम 134 हाईवा का भंडारण पाया गया। टीम ने रेत और मुरुम को जब्ती करने की कार्रवाई की। बताया गया कि जब्ती के दौरान टीम ने रेत और मुरुम का यहां भंडारण करने वालों का पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन उनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई।

### 58 समर स्पेशल...

कि स्पेशल ट्रेनों में पेंट्रीकार का प्रावधान नहीं रहता, इसलिए जिन स्टेशनों पर ट्रेन रुकती है, उन स्टेशनों के वेंडर को निर्देशित किया जाता है कि वह यात्रियों की सुविधा के अनुसार निर्धारित दरों पर खान-पान की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि यात्रियों को अपने गंतव्य तक सफर करने में असुविधा न हो।


**बी.आई.टी. कालेज ऑफ कामर्स साइंस मैनेजमेंट एण्ड आर्टस**
**अभनपुर रोड, केन्द्री, नया रायपुर छ.ग. 493661**
principal.dc@bitraipur.ac.in
Affiliated to Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur
Advertisement Proposal for Appointment under university statue-28
विश्वविद्यालय परिनियम 28 के अंतर्गत विज्ञापन हेतु प्रारुप

| S. No. | Name of Post | Qualification | Pay Scle |
|---|---|---|---|
| 1 | Principal | **(A) Eligilility :-** a) A master's degree with at least 55% marks (or an equivalent grade in a point scale wherever grading system is followed) by a recognized university.) b) A Ph.D. Degree in concerned / allied / relevant discipline (s) in the institution concerned with evidence of published work and research guidance. c) Associate professor / Professor with a total experience of 15 yrs teaching/research/administration in University, College and other instituteion of higher education. d) A minimum of 10 research publications in peer-reviewed or UGC-listed journals. e) A minimum of 110 Research Score as per Appendix-II, Table2 (As per UGC Regulation 2018) **(B) Tenure:-** I. A college Principal shall be appointed for a period of five years, extendable for another term of five years on the basis of performance assessment by a Committee appointed by the University, constituted as per these regulations. II. After the completion of his / her term as Principal, the incumbent shall join back his/her parent organization with the designation as Professor and in the grade of the Professor. | As per UGC/ CG Govt. Norms 7th Pay |
| 2 | **Assistant Professor** (Commerce, Hindi, Physics, Maths, Computer Science, English, Sociology, Political Science,) | i) Good academtc record with at least 55% marks (or an equivalent grade in a seven-point scale wherever grading system is followed) at the Masters Degree level in a relevant subject. ii) NET / SLET/SET/Ph.D Note:- Qualification as per UGC Regulation 2018. | --do-- |
| 3 | निम्न श्रेणी लिपिक | 1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण, अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षी उतीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय किसी भी विषय में स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण। 2. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर / प्रोग्रामिंग- में एक वर्षीय डिप्लोमा / प्रमाण-पत्र 3. कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5000 डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी)। | --do-- |

Application should be submitted in triplicate along with
**1.** Resume, **2.** All the testimonials, **3.** Self-Addressed envelope with telephone no. and ticket., **4.** Application should be submitted either by post or directly within 15 days of advertisement.
Date- 15/05/2024 **Principal**


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल 12 - रायपुर**
**:: आम सूचना ::**
जारी दिनांक 13.05.2024

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री तन्मय पिता प्रवीण चंद्र पटेल निवासी पण्डरी रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम पंडरीतराई पटवारी हल्का नंबर 47 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-12 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 574/40 शीट नंबर-23 प्लाट नं. 11/1, 12, 13/1-2, 16/1-2-3 रकबा 30007 वर्गफुट हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 25/04/2024 के परिपालन में दिनांक 28/05/2024 को समय 12 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 47 के दुर्गा मंदिर के पास इन्द्राणी कालोनी राजातालाब में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

रा.नि.मं. 12
रायपुर

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्रीमती आरती पटेल पति श्री अनिल पटेल निवासी- शिव नगर मठपुरैना रायपुर, तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. के आधिपत्य व स्वामित्व की परिवर्तित भूमि जो वाके मौजा- मठपुरैना, प.ह.नं. 61, रा.नि.मं. रायपुर - 14 - बोरियाखुर्द, तह. जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित खसरा नंबर 295/204 रकबा 0.0063 हे. अर्थात 680 वर्गफुट भूमि जिस पर मकान निर्मित है को क्रय किए जाने का लिखित सौदा कर अग्रिम ब्याना राशि अदा कर दी गई है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय को उपरोक्त सौदे पर किसी भी तरह की हक, उजर, दावा, आपत्ति हो वह इस आमसूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित रूप से मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्ति उपरांत कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा विधि अनुसार शून्य करणीय मानी जावेगी। अतः सूचना जाने।

दिनांक - 16/05/2024 भवदीय
**देवेन्द्र कुमार यादव (अधिवक्ता)**
**पता-आजाद चौक थाना के सामने, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 9981145570**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-18 कांदुल, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// आम सूचना //**
**जारी दिनांक 16/05/2024**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम टेमरी प.ह.नं. 78 रा.नि.मं. रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक सौरभ मिश्रा पिता स्व. योगेन्द्र मोहन निवासी गोल चौक रोहणीपुरम रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामि हक की भूमि खसरा नंबर 225/13 (0.0610 हे), 285/2 (0.0810 हे.), 303/1 (0.6880 हे.), 412/1 रकबा (0.1210 हे.) 412/10 (0.0610 हे.) कुल रकबा 1.012 हे. की सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. अ-12 वर्ष2024 आदेश दिनांक 09/05/2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण दिनांक 28/05/2024 को समय 12.00 PM बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। बटांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने। राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रामकृष्ण केयर अस्पताल ब्लड सेंटर के वर्ष 24 अप्रैल 2017 से 23 अप्रैल 2019 तक के मरीज के ब्लड इश्यू से जुड़ी सारी जानकारी (रिकार्ड) को नष्य किया जा रहा है।

अगर इस पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो अथवा इन अभिलेखों में से कुछ जानकारी लेनी हो तो, इस हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखित में ब्लड सेंटर प्रबंधक को एक महीने यानी दिनांक 16/06/2024 तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। इस तिथि के पश्चात कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा और नष्ट किए गए अभिलेखों के संबंध में ब्लड सेंटर की कोई न्यायिक जिम्मेदारी नहीं होगी।

**ब्लड सेंटर प्रबंधक**

**न्यायालय तहसीलदार खरोरा, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
प्रारूप ख
(नियम 2 देखिये)
रा.प्र.क्र./ /अ/27/2023-24
ग्राम - बेल्टुकरी प.ह.नं. 54

क्योंकि मौजा बेल्टुकरी प.ह.नं. 54 तहसील खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) के भूमिस्वामी आनंदराम पिता फेरहाराम, जाति सतनामी, निवासी ग्राम सकरी तहसील व जिला रायपुर छ.ग. एवं कास्तकार ग्राम बेल्टुकरी प.ह.नं. 54 रा.नि.मं. व तहसील खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) ने निम्नांकित अनुसूचि में निर्दिष्ट खातें के विभाजन के लिये आवेदन किया है एवं क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ हैं एवं सुनवाई का दिनांक 24/05/2024 स्थान तहसील खरोरा पर समय 11:00 बजे नियत किया गया है, उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा किसी प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हों, एवं अपनी आक्षेपों यदि कोई हो तो पेश करें।

उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नही कर पाने की स्थिति में किसी आक्षेप पर विचार नही किया जायेगा।

खाते का विवरण

| सर्वेक्षण संख्यांक / भू-खंडांक | क्षेत्रफल (हे. में) |
|---|---|
| ख.नं. खसरा नं. 30/4, 32, 243/3, 352/4, 365/1, | रकबा क्रमशः 1.039, 0.665, 0.809, 0.462, 0.308 हे. |
| कुल खसरा नं. 05 | कुल रकबा 3.283 हे. |

जारी दिनांक 30/04/2024
तहसीलदार
खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)




# दो साल अतिरिक्त होने के बाद भी सराफा चुनाव होने के आसार नहीं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन का कार्यकाल दो साल अतिरिक्त होने के बाद भी अब भी चुनाव के आसार नजर न आने के कारण एक बार फिर से बिलासपुर सराफा एसोसिएशन ने मोर्चा खोल दिया है। इस साल 7 जनवरी को हुई आमसभा में चुनाव कराने को लेकर सहमति बनी थी, लेकिन इसके बाद से लगातार विवाद हो रहा है। एक बार चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी के इस्तीफे के बाद मामला उलझा, इसको सुलझाने के बाद भी अब तक चुनाव की तिथि तय नहीं हो सकी है। इस बीच चुनाव अधिकारी को लिखे गए पत्र को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ऐसे में बिलासपुर एसोसिएशन ने अध्यक्ष को पत्र लिखकर सात बिंदुओं में तीन दिनों के अंदर जवाब मांगा है, नहीं तो कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

बिलासपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी, सचिव अजय सराफ, कोषाध्यक्ष राजेश शाह का कहना है, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन की 7 जनवरी 2024 को आमसभा में यह तय किया गया कि पांच संभाग से पांच चुनाव अधिकारी होंगे और उसके बाद जल्द चुनाव कराया जाएगा। इसके बाद जारी मतदाता लिस्ट में से कई सदस्यों और संगठन के पदाधिकारियों के नाम काट दिए गए।

कमल सोनी ने कहा, लोकसभा चुनाव के चलते 7 मई के बाद चुनाव की बात कही गई थी, लेकिन अचानक 11 मई को पत्र जारी किया गया, जिससे चुनाव और आगे टालने की मंशा झलक रही है। कमल सोनी ने कहा, एक साल से चुनाव प्रक्रिया को लगातार टाला जा रहा है।

## सात बिंदुओं में मांगा तीन दिनों में जवाब, कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी

### कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

बिलासपुर सराफा एसोसिएशन ने कार्यवाहक अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष से 7 बिंदुओं पर जानकारी तीन दिनों के भीतर मांगी है, जिसमें चुनाव कराए जाने को लेकर किए जा रहे प्रयास, 23 जुलाई 2023 को हुई मीटिंग से संबंधित दस्तावेज, नवीन सदस्यों की संशोधित मतदाता सूची, 7 जनवरी 2024 को वार्षिक आमसभा में लिए गए निर्णय से संबंधित दस्तावेज, 2019 से 2024 तक तैयार की गई ऑडिट रिपोर्ट और खर्चों का लेखा-जोखा, 2019 से 2024 तक धारा 27, 28 के अंतर्गत जानकारी, दस्तावेज ऑडिटेड बैलेंस शीट, सराफा एसोसिएशन के सभी मूल दस्तावेज, रजिस्टर, लेखा-जोखा की मांग की गई है, ताकि दस्तावेजों से छेड़छाड़ की संभावनाएं समाप्त हो सकें। तीन दिवस के अंदर इन सभी का जवाब नहीं मिलने पर बिलासपुर सराफा एसोसिएशन ने सभी पदाधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है।



**बिलासपुर सराफा एसोसिएशन ने खोला मोर्चा, कहा- एक साल से टाल रहे चुनाव**

### जल्द होंगे चुनाव

चुनाव अधिकारी नियुक्त करके उनसे चुनाव कराने कहा गया है, लोकसभा चुनाव के कारण विलंब हुआ है। जल्द ही चुनाव की तिथि घोषित करके चुनाव कराए जाएंगे।

**- अनिल बरडिया,** अध्यक्ष, सराफा एसोसिएशन

## खबर संक्षेप

### बीकॉम फर्स्ट ईयर में 51 फीसदी छात्र फेल

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बीकॉम प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित किए गए। परीक्षा में 51 प्रतिशत छात्र फेल हो गए हैं। पास होने वाले छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत सिर्फ 49 प्रतिशत रहा है। रविवि द्वारा आयोजित बीकॉम प्रथम वर्ष की परीक्षा में 10 हजार 86 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से सिर्फ 4 हजार 957 छात्र ही उत्तीर्ण हो सके हैं। 3832 छात्रों को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है। 1282 छात्र पूरक श्रेणी में हैं, जबकि 15 छात्रों के परिणाम रोके गए हैं। रविवि द्वारा सभी छात्रों के परीक्षा परिणाम अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। छात्र निर्धारित तिथियों के भीतर पुनर्मूल्यांकन तथा पुनर्गणना के लिए आवेदन कर सकेंगे।

प्रवेश परीक्षा की आवेदन तिथि में वृद्धि : पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के मूल विज्ञान केंद्र (सीबीएस) में संचालित हो रहे पंचवर्षीय एकीकृत एमएससी पाठ्यक्रम के सत्र 2024-25 में दाखिले के लिए प्रवेश-परीक्षा एक जून को आयोजित होगी। इसके लिए आनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाकर 16 मई के स्थान पर 20 मई किया गया है। प्रवेश परीक्षा के फार्म पं. रविशंकर शुक्ल विवि की वेबसाइट www.prsu.ac.in/ www.prsuuniv.in पर जाकर भरे जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए छात्र सेंटर फार बेसिक साइंसेज कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### विधिक सहायता कार्यक्रम में बंदियों से हुए रूबरू



**रायपुर।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की जिला इकाई द्वारा केंद्रीय जेल रायपुर में गुरुवार को विधिक सहायता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छोटे मामले, प्रतिबंधात्मक धाराओं और जमानत के अभाव में लंबे समय से जेल में विरुद्ध बंदियों को शीघ्र रिहा कराने का निर्णय लिया गया। परिषद के अधिवक्ता बंदियों से रूबरू हुए, उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें कानूनी सलाह भी दी। इस मौके पर जिला अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष अधिवक्ता उमाशंकर वर्मा एवं मुख्य वक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने अपना उद्बोधन दिया। इस दौरान अधिवक्ता प्रमोद तिवारी, जेल उप अधीक्षक मधु सिंह, अधिवक्ता जानकी बिल्थरे, अधिवक्ता सुशीला साहू, अधिवक्ता झरना साहू ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी, अधिवक्ता सुनील पटेल, जानकी बिल्थरे, रेखा बघेल, झरना साहू आदि उपस्थित थे।

## जगदम्बा विहार से लगे 20 एकड़ से ज्यादा के प्लाट्स पर अवैध डीपीसी को किया ध्वस्त

# फिर गरजा तोड़ूदस्ता, 20 एकड़ से ज्यादा में अवैध प्लाटिंग को किया धराशायी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

आचार संहिता के दौरान अवैध कब्जे और अवैध प्लाटिंग की शिकायतों को दूर करने नगर निगम का तोड़ूदस्ता दूसरे दिन भी शहर के अलग-अलग हिस्सों पर गरजा। जगदम्बा विहार से लगकर 20 एकड़ जमीन पर चल रहे अवैध प्लाटिंग को रोकने तत्परता दिखाई और अवैध डीपीसी तथा सड़क निर्माण को खोद कर रास्ता बाधित किया।

गुरुवार को नगर निगम के तोड़ूदस्ता ने जन शिकायत के बाद बोरियाखुर्द में जगदम्बा विहार से लगकर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई। यही नहीं, जोन के भाठागांव भर्री खार में करीब 3 एकड़, आछी तालाब के पास करीब 2 एकड़ भूमि और कुशालपुर में डबरी पाटकर की जा रही अवैध प्लाटिंग की तैयारी पर रोक लगाई। माधवराव सप्रे वार्ड के इंद्रप्रस्थ नाला किनारे चल रही ढाई एकड़ जमीन पर अवैध प्लाटिंग के दौरान बनाई जा रही सड़क और डीपीसी को जमींदोज कर दिया गया। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने कहा है, अवैध प्लाटिंग के खिलाफ आने वाले दिनों में कार्रवाई तेज की जायेगी। उन्होंने ये भी कहा कि पूरी कार्रवाई जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार के निर्देश पर की जा रही है।

## एफआईआर के लिए मांगा ब्योरा



- सड़कें खोद कर मार्ग बाधित
- भाठागांव और रायपुरा से लेकर कुशालपुर तक अवैध प्लाटिंग पर लगाई रोक



### कराएंगे एफआईआर

जोन 8 के कमिश्नर अरुण ध्रुव और जोन 10 के कमिश्नर रमेश जायसवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि सभी नींव को ध्वस्त कर दिया गया है और प्लॉट तक जाने का रास्ता उखाड़ दिया गया है। यही नहीं, रायपुर तहसीलदार को पत्र लिखकर संबंधित प्लॉट के मालिकों का ब्योरा मांगा गया है। जानकारी मिलते ही अवैध प्लाटिंग कर्ताओं के खिलाफ डीडीनगर थाने में नामजद एफआईआर दर्ज करवाई जायेगी।

### आधा दर्जन प्लाटिंग पर कार्रवाई

गुरुवार को दिनभर चली कार्रवाई में भाठागांव और रायपुरा से लेकर कुशालपुर तक निगम के बुलडोजर अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करने में लगे रहे। निगम के अलग-अलग दस्तों ने करीब आधा दर्जन अवैध प्लाटिंग पर एक्शन लेते हुए इस पर रोक लगाई। निगम मुख्यालय और जोन 8 का तोड़ूदस्ता अधिकारियों के साथ गुरुवार सुबह इंद्रप्रस्थ नाले के पास पहुंचा। वहां जमीन मालिकों ने प्लॉट बेचने के लिए बीच-बीच में डब्लूबीएम सड़कें बना रखी थीं। सूत्रों के मुताबिक कई लोगों को प्लॉट बेचे जा चुके हैं और उन्होंने बाउंड्रीवाल की डीपीसी भी करवा ली थी। निगम अमले ने बुलडोजर के माध्यम से इन सड़कों को काट कर डीपीसी को उखाड़ दिया। जोन 10 के नगर निवेश विभाग ने तेलीबांधा एक्सप्रेस वे के पास अवैध प्लाटिंग कर्ता द्वारा खोले गये अवैध मुरुम मार्ग को हटाकर आवागमन बाधित करते हुए मार्ग को बंद किया।

# अनवर के साथ दो अन्य से ईडी के अफसर जेल में करेंगे पूछताछ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**



- अनवर की जमानत याचिका खारिज

राज्य में कथित तौर पर दो हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाला के आरोप में ईओडब्लू द्वारा गिरफ्तार किए गए अनवर ढेबर का ईओडब्लू की विशेष अदालत ने जमानत आवेदन खारिज कर दिया है। इसके साथ ही शराब घोटाला के आरोप में गिरफ्तार किए गए त्रिलोक सिंह ढिल्लन के जमानत आवेदन पर स्पेशल कोर्ट में आज सुनवाई होगी। शराब घोटाला के आरोप में गिरफ्तार किए गए अनवर ढेबर सहित अरुण पति त्रिपाठी, अरविंद सिंह की न्यायिक हिरासत स्पेशल कोर्ट ने 30 मई तक बढ़ा दी है। साथ ही ईडी के आवेदन पर कोर्ट ने शराब घोटाले के आरोपियों से पूछताछ करने अनुमति प्रदान की है।

गौरतलब है कि शराब घोटाला के आरोप में ईओडब्लू द्वारा गिरफ्तार किए गए अनवर ढेबर के बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट में आवेदन पेश करते हुए कार्रवाई को गलत बताया। साथ ही बचाव पक्ष के वकील ने अनवर ढेबर के पास किसी तरह से पैसों के साथ घोटाला से जुड़े दस्तावेज नहीं मिलने की दलील दी, जिसका ईओडब्लू के वकील ने विरोध करते हुए शराब घोटाला में अनवर ढेबर की प्रमुख भूमिका होने का हवाला देते हुए अनवर के खिलाफ घोटाला से संबंधित पर्याप्त सबूत होने का दावा किया है।

### घोटाला के आरोपियों से जेल में पूछताछ

आबकारी घोटाला के आरोप में ईओडब्लू द्वारा गिरफ्तार किए गए अनवर ढेबर, अरुण पति त्रिपाठी, त्रिलोक सिंह ढिल्लन से पूछताछ करने ईडी ने स्पेशल कोर्ट में आवेदन पेश किया। ईडी के आवेदन पर कोर्ट ने आरोपियों से जेल में पूछताछ करने पांच दिन की अनुमति प्रदान की है। ईडी के अफसर शराब घोटाला के आरोप में बंद इन आरोपियों से 27 से 31 मई तक जेल में पूछताछ कर सकते हैं।

### उपचार नहीं मिलने पर कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त की

अनवर ढेबर के वकील ने कोर्ट में आवेदन पेश करते हुए आरोप लगाया है कि उनके मुवक्किल को कई स्वास्थ्यगत परेशानी है, जिन्हें नियमित उपचार की जरूरत है। बचाव पक्ष के वकील ने अनवर ढेबर का नियमित उपचार नहीं कराने का आरोप लगाया है। इस पर कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त करते हुए एसएसपी को पर्याप्त बल उपलब्ध कराने के आदेश दिए। बल उपलब्ध नहीं कराने पर एसपी के जिम्मेदार होने की टिप्पणी की।

# क्रिप्टो में मुनाफा मिलने का झांसा देकर 30 लाख की ठगी

- पांच लोगों के खिलाफ थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

मुजगहन थाना में एक व्यक्ति ने पांच लोगों के खिलाफ क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने पर भारी मुनाफा मिलने का झांसा देकर अलग-अलग किस्तों में अपने अकाउंट में 30 लाख रुपए ट्रांसफर के साथ नकदी रुपए लेकर ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाजों ने दो वर्ष पूर्व ठगी की घटना को अंजाम दिया है।

पुलिस के मुताबिक अवीवा ग्रीन सिटी निवासी सुशांत कुमार सिंह ने मयूर कुमार, रजनीकांत सुचित्रा, विजय घनश्याम राठौर, अमित कुमार थापा, वेदप्रकाश तथा राजेन्द्र सिंह के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। सुशांत ने पुलिस को बताया है कि ओडिशा निवासी अमित कुमार, वेदप्रकाश तथा राजेंद्र से उसकी मुलाकात कोलकाता में हुई थी। मुलाकात के दौरान उन लोगों ने सुशांतो को क्रिप्टो में निवेश करने पर हर माह 10




प्रतिशत मुनाफा मिलने का झांसा देकर उन लोगों ने मयूर कुमार रजनीकांत सुचित्रा तथा विजय घनश्याम की गुजरात की कंपनी मेसर्स एमबीई कामर्स प्राइवेट लिमिटेड में रकम जमा कराई। रकम जमा करने के बाद रिटर्न नहीं मिलने पर कंपनी किसी दूसरे के पास बिकने का झांसा देकर मुनाफा के साथ मूलधन लौटाने में टालमटोल करते रहे। इसके बाद सुशांत ने पाचों के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई।

# तेलीबांधा तालाब में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त गार्डन के व्यवसायीकरण पर ऐतराज

- उद्यान परिसर में झूला लगाने खुदाई, रात में मशीन से चल रहा काम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के नाम से तेलीबांधा तालाब के समीप बने उद्यान के व्यवसायीकरण का गहोई वैश्य समाज ने विरोध किया है। प्रतिमा के सामने समाजजनों के एकजुट होकर गार्डन परिसर में राष्ट्रकवि के प्रतिमा के समीप गार्डन मशीन से खुदाई कर झूले लगाकर व्यवसायीकरण करने पर नाराजगी जताई। समाज के अध्यक्ष अशोक बानी, सचिव संजय गुप्ता ने बताया कि रायपुर विकास प्राधिकरण की जमीन पर गार्डन बना है, उस जगह पर राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की प्रतिमा लगाने प्राधिकरण के तत्कालीन अध्यक्ष श्याम बैस ने गहोई वैश्य समाज को यह जगह दी। बाद में इस गार्डन को प्राधिकरण ने रायपुर नगर निगम को मेंटेन करने दिया, पर आज राष्ट्रकवि के नाम से निर्मित गार्डन का व्यवसायीकरण किया जा रहा है, जो गलत है।

दरअसल, तेलीबांधा तालाब को रिक्रियेशन जोन के रूप में विकसित करने नगर निगम ने पीपीपी मोड पर एक निजी कंपनी के साथ पूर्व में अनुबंध किया है। अनुबंधित एजेंसी द्वारा तेलीबांधा तालाब एरिया में 4 अलग-अलग जोन विकसित रिक्रियेशन जोन बनाया गया है। इसमें फूडजोन, योगा जोन, फ्रीडम फाइटर वॉल शामिल है। इसके एवज में नगर निगम को अनुबंधित एजेंसी द्वारा हर साल अनुबंध की शर्त के अनुसार एक निश्चित रकम का भुगतान किया जाता है। सूत्रों के मुताबिक अनुबंधित एजेंसी द्वारा दो दिन पूर्व से तेलीबांधा तालाब परिसर के राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त उद्यान में झूला लगाने के लिए मशीन लगाकर जमीन की खुदाई कराई जा रही है। गार्डन परिसर में निर्माण की जानकारी होने पर गहोई वैश्य समाज के पदाधिकारियों ने समाज के अध्यक्ष अशोक बानी की अगुवाई में प्रतिमा के सामने एकजुट होकर गार्डन के व्यवसायीकरण करने पर विरोध जताया। उनका ये भी कहना है नगर निगम द्वारा हर साल राष्ट्रकवि की जयंती और पुण्यतिथि के मौके पर गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन कराया जाता रहा है। पर एकाएक इस गार्डन में प्रतिमा के सामने मशीन लगाकर गार्डन की खुदाई कराने से उन्हें तकलीफ हुई है। इस गार्डन में रोज सुबह-शाम बड़ी संख्या में शहवासी सेहतमंदी के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में इसका व्यवसायीकरण पर तत्काल रोक लगाई जाये।

- गहोई वैश्य समाज ने प्रतिमा के सामने बैठकर जताया विरोध
- महापौर एजाज ढेबर एमआईसी सदस्यों के साथ पहुंचे गार्डन, कहा- राष्ट्रकवि की गरिमा का रखा जायेगा ध्यान



### महापौर के साथ एमआईसी सदस्य और कांग्रेसी पार्षद पहुंचे गार्डन

महापौर एजाज ढेबर गुरूवार को जानकारी मिलते ही एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, सहदेव व्यवहार, पार्षद प्रतिनिधि राधेश्याम विभार, हेमंत पटेल, जोन अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा, मनीराम साहू, पार्षद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव के साथ मैथिलीशरण गुप्त गार्डन पहुंचे। और कहा गार्डन के व्यवसायीकरण किये जाने की तैयारी के संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। श्री ढेबर ने गहोई वैश्य समाज के पदाधिकारियों को अपना समर्थन व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त गार्डन का व्यसायीकरण कदापि नहीं होने दिया जायेगा। इसमें राष्ट्रकवि की गरिमा एवं सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाये, इसे हर हाल में सुनिश्चित करवाया जायेगा।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## लोक निर्माण के श्रमिकों को सम्मान निधि का भुगतान नहीं

- विधानसभा संभाग के श्रमिकों ने की शिकायत

**रायपुर।** लोक निर्माण विभाग के विधानसभा संभाग सब डिवीजन में कार्यरत कुशल, अकुशल और अर्धकुशल श्रमिक के रूप में कार्यरत श्रमिकों को सम्मान निधि की राशि का अब तक भुगतान नहीं किया गया है। कर्मचारियों ने लोक निर्माण सचिव के माध्यम से यह शिकायत करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव को पत्र लिखकर सम्मान निधि का भुगतान कराने का आग्रह किया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा श्रमिकों को 4000 रुपए सम्मान निधि दिए जाने की घोषणा की गई थी। घोषणा के आर सभी डिवीजन में इसका भुगतान किया जा चुका है। विधानसभा संभाग में सब इंजीनियर के अंडर में कार्यरत श्रमिकों को यह राशि नहीं मिलने की शिकायत कर शीघ्र भुगतान कराने का आग्रह किया गया है। यहां पर एक दर्जन से ज्यादा कुशल, अकुशल और अर्धकुशल श्रमिक कार्यरत हैं।

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना
के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय रायपुर में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।
उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति), साथ में लावें।
उपहार प्राप्त करने का समय
सोमवार से शनिवार, सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
स्थान : हरिभूमि कार्यालय
धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4242238

## बिजनेस साइट

### सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का रहा शानदार रिजल्ट

**रायपुर।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन द्वारा मंगलवार को 10वीं और 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। परीक्षा में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल कबीर नगर रायपुर का परीक्षा परिणाम शानदार रहा।



बोर्ड परीक्षा में कक्षा दसवीं की छात्रा वंशिका शुक्ला ने 94 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम, ओम पटेल ने 86 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय तथा सूर्यांशी सिंह ने 80 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं के छात्र आर्यन मुखर्जी ने 76 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम, कुमकुम मेश्राम ने 70 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इस उपलब्धि पर स्कूल के अध्यक्ष विनय चंद्राकर, डायरेक्टर अपर्णा चंद्राकर, एकेडमिक डायरेक्टर भवानी राव, प्रिंसिपल विनोद पांडे एवं समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।







03



घर में कहां मोरपंख रखने से होता है...

## लाइव इवेंट

# फेयरवेल में याद आए शुरुआती दिन, नम आंखों से दी विदाई



**रायपुर।** कोलंबिया कॉलेज में फेयरवेल और रीकनेक्ट एलुमनाई मीट 2004 का आयोजन किया गया। कॉलेज के सीनियर छात्रों को उनके जूनियर्स ने भाव भीनी विदाई दी। इसके साथ ही महाविद्यालयद्वारा "रीकनेक्ट एलुमनाई मीट 2004" का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम मौज-मस्ती, रोमांच और उत्साह से भरपूर था। अतिथि के रूपमें कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्राचार्य डॉ.एसके मौलिक, कोलंबिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ.सुरेन्द्र सराफ एवं कोलंबिया कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स के प्राचार्य आनंद श्रीवास्तव उपस्थित रहे। छात्रों ने भावनात्मक शब्दों में महाविद्यालय के साथ अपना लगाव और अनुभव साझा किया।

### जैस्मिन बनी मिस फेयरवेल

बीएड छात्रों के लिए यह समारोह आयोजित था। प्रिंसिपल डॉ. अरुण कुमार दुबे ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए अच्छा शिक्षक बनने और अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए मार्गदर्शन दिया। उपप्राचार्य डॉ. आभा दुबे ने छात्राध्यापकों को गुरु के महत्व का बताया, जो देश और भावी शिक्षकों के भविष्य का निर्माण करते हैं। भूतपूर्व छात्रों का सम्मान भी किया गया। मिस्टर फेयरवेल नितिन तिर्की रहे। मिस फेयरवेल जैस्मिन बनी।

## कैंपस लाइव

# वेदों से सुभाषित तक भारतीय ज्ञान परंपरा का सुंदर समावेश



**रायपुर।** रविवि के अर्थशास्त्र अध्ययन शाला एवं पब्लिक आउटरीच सेंटर के संयुक्त तत्त्वावधान में भारतीय ज्ञान परंपरा पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में अर्थशास्त्री एवं अटलबिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.एडीएन वाजपेयी शामिल हुए। अध्यक्षता रविवि के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल ने की। प्रो. वाजपेयी ने कहा, अर्थशास्त्र के जनक एडम स्मिथ माने जाते हैं, जबकि हमारे यहां 'कौटिल्य' ने तीन सौ ईसा पूर्व ही कश्मीर में अर्थशास्त्र पर प्रामाणिक जानकारी दी। पाश्चात्य देशों अमेरिका, इंग्लैंड के पास अपनी सुदीर्घ ज्ञान प्रणाली नहीं है, वे लेटिन या ग्रीक पर निर्भर हैं जबकि भारत के पास समर्थ और सशक्त ज्ञान परंपरा है। हमने किसी देश को उपनिवेश नहीं बनाया। हमने समरसता को बढ़ावा दिया है।

### ज्ञान को नहीं बांध सकते एक भाषा में

उन्होंने आगे कहा, आपका समाज की समस्याओं से प्रत्यक्ष संबंध है। कृषि, व्यापार, उद्योग, अर्थव्यवस्था में क्या चल रहा है और क्या नवीन किया जा सकता है, इसे समझना होगा। उन्होंने भारतीय गुरुकुल प्रणाली के नालंदा, तक्षशिक्षा, विक्रमशिला आदि के गौरव को बताते हुए कहा कि तर्कशास्त्र, पुरुषार्थ, रामायण और महाभारत की 'ज्ञान के भंडार के रूप' में जाने जाते हैं। यह ज्ञान भंडार हम सब भारतीयों में पहले से व्याप्त है, इसलिए हम सब इस तत्वचर्चा में सहज ही सहभागी बन जाते हैं। कुलपति ने कहा, हमें भारतीय भाषाओं पर गर्व करते हुए इनका संपोषण करना चाहिए। आज ज्ञान को किसी एक भाषा में नहीं बांधा जा सकता।

## सिटी इवेंट

# जादू के पीछे होती है पूरी टीम यह मेहनत-समर्पण का फल



**रायपुर।** पिछले कई दिनों से शहर के लोगों को अपनी जादुई करिश्मे से चौंकाने बनाने वाले जादूगर सम्राट अजूबा का शो राजधानी में 19 मई तक चलेगा। जादूगर सम्राट अजूबा ने कहा, जब से यह जादू रायपुर में दिखा रहे हैं लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला है। समाज का ऐसा कोई वर्ग नहीं है जो हमारे जादू का कायल नहीं हुआ। हमारी कोशिश होती है कि हम अपने जादू से लोगों का मनोरंजन कर उन्हें जादू दुनिया से परिचित कराएं। इसमें हमारी पूरी टीम काम करती है। सभी का प्रयास रहता है कि अच्छा से अच्छा जादू दिखाकर लोगों का मनोरंजन करें।

### जादू समझते हैं रायपुर के लोग

उन्होंने जादू के ट्रेंड पर बात करते हुए कहा, हम लोग हर जगह शो करते हैं, लेकिन जो प्यार हमें दर्शकों का रायपुर में मिला वो हमें कहीं नहीं मिला। यहां के लोग जादू समझते हैं और कला की कद्र भी करते हैं। आखिरी दिनों के लिए हमने विशेष तैयारी की है और इसमें नए तरह के करतब लोगों को देखने मिलेंगे। राजधानी के बाद 24 मई से भिलाई में जादू का यह शो आयोजित होगा। रंग मंदिर में रोजाना तीन शो-दोपहर एक बजे, 4 बजे एवं शाम 7 बजे संचालित किए जाते हैं। प्रत्येक शो 2 घंटे का होता है। टिकट ऑफ लाइन काउंटर से प्राप्त किए जा सकते हैं।

## ● बीते पांच सालों में देश में युवाओं में 30 प्रतिशत बढ़ गए हार्ट अटैक के मामले

# बढ़ता कोलेस्ट्रॉल कमजोर कर रहा दिल, बायोलॉजिकल क्लॉक भी बदला, जिम शुरू करने से पहले जांच जरूरी

*"बदलते समय के साथ युवाओं में हार्ट अटैक के मामले बढ़ने लगे हैं। 5 साल के बच्चे से लेकर 20 साल के युवा की हार्ट अटैक से मौत अब सामान घटना बन चुकी है। बीते दिनों रायपुर में जिम में वर्कऑउट के दौरान एक 17 वर्षीय युवक की मृत्यु हो गई। हृदय रोग विशेषज्ञों के मुताबिक, 2023-24 में देशभर में हार्ट अटैक के मामले 30 प्रतिशत बढ़े हैं। हरिभूमि ने शहर के हृदय रोग विशेषज्ञ, सर्जन और जिम ट्रेनर से बातचीत करके यह जानने का प्रयास किया कि किन कारणों से युवाओं में हार्ट अटैक के मामले बढ़ते जा रहे हैं। मेकाहारा के हार्ट सर्जन डॉ. केके साहू ने बताया कि बच्चे, युवा और जवान व्यक्ति में हार्ट अटैक आने के कारण अलग-अलग हो सकते हैं।*

- *तनाव भरी जिंदगी है तो हार्ट अटैक का खतरा अधिक रहेगा।*
- *जन्मजात की समस्या के कारण कम उम्र के बच्चों में भी कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ रहा है और कार्डियक अरेस्ट आ रहा है।*
- *कोविड के बाद लोगों में तनाव, डाइट हैबिट्स, धूम्रपान, देर रात तक जगना भी प्रमुख कारणों में से एक है।*
- *कोरोना के बाद शरीर की बायोलॉजी में बदलाव आए हैं। युवाओं में वजन भी बढ़ गया है।*
- *कोरोना के बाद देर रात तक युवा जाग रहे हैं।*



### 75 प्रतिशत मौत का कारण सिर्फ हार्ट अटैक

रायपुर शहर में हर साल 80 से अधिक लोगों की मौत हार्ट अटैक से हो रही है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक देश में 2022 में दिल का दौरा पड़ने से 32,457 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 2021 में हार्ट अटैक के आने से 28,413 लोगों की मौत हो गई थी। एक रिपोर्ट बताती है कि, 2015 तक भारत में दिल की बीमारियों से करीब 6.5 करोड़ लोग परेशान थे। हैरान करने वाली तो यह है कि इनमें करीब 2.5 करोड़ लोग 40 साल या उससे कम उम्र के हैं। डब्लूएचओ की हालिया रिपोर्ट भी डराने वाली ही है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले 10 साल में भारत में हार्ट की बीमारियों से होने वाली मौतों की संख्या 75 प्रतिशत है।

### लोगों को पता ही नहीं होती समस्या

हृदय रोग विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना के बाद युवाओं में हार्ट अटैक की समस्या बढ़ी है। इसका एक बड़ा कारण यह है कि कोविड स्पाइन प्रोटीन के कारण खून का थक्का जमने की आशंका बढ़ गई है। खून की नलिकाओं में कोलेस्ट्राल 70 प्रतिशत तक जमा हो जाता है तो एंजाइना की समस्या हो सकती है, इसमें दर्द होता है। इसलिए डॉक्टर की सलाह से कोलेस्ट्रोल का स्तर कम करने की दवा लेनी चाहिए। मेकाहारा और एम्स में ओपीडी में 40 फीसदी लोगों को जांच में डायबिटीज या फिर ब्लड प्रेशर की समस्या होने का पता चला है। इन लोगों को यह पता ही नहीं था कि उन्हें उक्त समस्या है।

**रायपुर।** इन दिनों 30 से 45 साल के बीच जिन व्यक्तियों की अटैक से मुत्यु हुई है, उन मामलों में दिल के वाल्व में नसें ब्लॉक थी। इसके अलावा 5 से 10 साल के जिन बच्चों को हार्ट अटैक आया है, उसमें से ज्यादातर में जन्मजात बीमारी देखी गई थी। ज्यादातर केस में देखा गया है कि बचपन से ही दिल की मसल मोटी हो चुकी थी। जब बच्चा दौड़ लगाता है तो दिल की धड़कन 70 से सीधे 180 तक पहुंच जाती है और ऐसी स्थिति में दिल काम करना बंद कर देता है। अटैक के मुख्य कारण शरीर में कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना भी है। इसमें नसें ब्लॉक हो जाती हैं। वैक्सीन को मौत का जिम्मेदार ठहराना सहीं नहीं होगा, क्योंकि हार्ट अटैल से युवाओं की मौत पहले से हो रही है।

### सुस्त जीवनशैली और तनाव



हार्ट अटैक का सबसे बड़ा कारण सुस्त जीवनशैली और स्ट्रेस है। कोटा स्थिति सिटी अस्पताल के कार्डियोलॉजी सर्जन डॉ. संदीप सिंह ने बताया कि कम उम्र के युवाओं में अटैक के कारण बिल्कुल अलग होते हैं। उनका कहना है कि युवाओं में कॉलेस्ट्रॉल बढ़ता है तो खून की आर्टरी को सौ फीसदी बंद कर देता है। ऐसे युवाओं को अपने दिल की जांच करानी चाहिए, जो कम सोते हैं और जिनकी जीवनशैली बिगड़ी हुई है। ज्यादातर केस में देखने को मिला है कि शुरुआती लक्षणों को लोग इग्नोर कर देते हैं। फिर ये बड़ी मुसीबत बन जाती है।

### जिम जाने से पहले कराएं दिल की जांच



हार्ट सर्जन के मुताबिक, जो युवा जिम जाना चाहते हैं वे पहले अपने शरीर की आंतरिक हेल्थ की जांच करवा लें। किसी दौड़ में भी भाग लेना चाहते हैं, उस स्थिति में भी दिल और कॉलेस्ट्रॉल लेवल की जांच करें। अगर दिल के मसल मोटे हैं और दिल में खून और ऑक्सीजन का प्रभाव सही तरीके से नहीं हो रहा है, तो जिम में अतिरिक्त शारीरिक परिश्रम करना घातक साबित हो सकता है। यदि धमनियों में ब्लॉक है तो अटैक भी आ सकता है, प्लॉक भी फट सकता है, दिल के अंदर दौड़ रहे करंट का तालमेल भी बिगड़ सकता है। कैफीन और एफेड्रिन युक्त सप्लीमेंट और स्टेरॉयड का सेवन न करें, यह ब्लड प्रेशर बढ़ाते हैं।

### मोबाइल भी है जिम्मेदार



मेकाहारा कार्डियोलॉजिस्ट डॉ.स्मित श्रीवास्तव ने बताया, पहले दिल दुरुस्त है या नहीं, इसकी जांच 50 से 60 वर्ष में की जाती थी, लेकिन धीरे-धीरे वयस्क भी इसकी चपेट में आने लगे हैं। अब 30 वर्ष से भी कम उम्र के युवा में भी हार्ट अटैक आने के मामले बढ़ रहे हैं। युवाओं में दिल संबंधित बीमारी और अटैक का कारण स्ट्रेस, मोबाइल एडिक्शन और जंक फूड का सेवन है। करियर, जॉब, रिलेशनशिप, परिवार का स्ट्रेस है। मोबाइल ने लोगों की नींद ही भगा दी है। जंक फूड लोगों की आदत बन चुकी है।

### स्वास्थ्य जागरुकता शिविर, रक्तदान सहित कई तरह कार्य

# एम्स चिकित्सक और पूर्व सैनिक मिलकर सामाजिक जागरूकता के लिए करेंगे पहल



**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और छत्तीसगढ़ आर्मी पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन संयुक्त रूप से समाज के विभिन्न वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। इसके लिए दोनों सामाजिक जागरूकता लाने के लिए पहल करेंगे। फाउंडेशन के अध्यक्ष हरप्रीत सिंह, उपाध्यक्ष विशाल देशमुख, सचिव विजय सिंह और अन्य सदस्यों ने एम्स के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल के साथ औपचारिक मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों ने मिलकर सामाजिक उत्थान के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने के लिए सहमति व्यक्त की। लेफ्टिनेंट जनरल जिंदल ने बताया कि एम्स में पूर्व सैनिकों को कैशलेस उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके लिए पृथक व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही विशेष सीजीएचएस काउंटर बनाया गया है। इन सभी को एम्स की अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं कैशलेस प्रदान की जा रही हैं। इस अवसर पर फाउंडेशन ने एम्स के विभिन्न विभागों के साथ मिलकर स्वास्थ्य और रक्तदान शिविर लगाने के साथ ही जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करने का प्रस्ताव दिया जिसे स्वीकार कर लिया गया। इस संबंध में फाउंडेशन के पदाधिकारी विभागाध्यक्षों के साथ मिलकर संयुक्त रणनीति बनाएंगे। इस अवसर पर नमिता हांडा, हरीश चंद्र चौरसिया, गिरजेश सिंह, आरके सोनी, चंद्रमोहन, रजनीश सिंह, संजीव सिंह, विक्रांत कुमार, मनीष कुमार, बीएन प्रजापति, सुनील सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

### समुदाय के सहयोग से दूर करें डेंगू

*इस बार डेंगू दिवस की थीम 'समुदाय के सहभागिता से डेंगू नियंत्रण करे' रखी गई है। लोगों को डेंगू के प्रति आगाह करने और इससे संबंधित योजनाएं बनाने जिला स्वास्थ्य कार्यालय में विशेष बैठक रखी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मिथिलेश चौधरी के निर्देशन में एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर विमल किशोर रॉय के मार्ग दर्शन में विशेष प्रशिक्षण रखा गया। इस दौरान डॉक्टर विमल किशोर रॉय ने बताया कि कैसे हम समुदाय की भागीदारी से डेंगू को काम कर सकते हैं या निजात पा सकते हैं। कूलर में पानी के जमाव, मच्छरदानी के प्रयोग, खून जांच सहित अन्य विषयों पर इस दौरान चर्चा हुई।*

# वॉलीबॉल की बारीकियां बता रहे नेशनल कोच व रेफरी



**रायपुर।** हटकेश्वर नाथ वॉलीबॉल संघ रायपुरा द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण का आयोजन 1 अप्रैल से किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 31 मई तक जारी रहेगा। अभी तक प्रशिक्षण के लिए 50 बच्चों का पंजीयन हो चुका है। धीरे-धीरे बच्चों का आना अनवरत जारी है। गत वर्ष इसी ग्राउंड के माध्यम से केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 के 7 बच्चों का चयन केंद्रीय विद्यालय के राष्ट्रीय स्तर स्पर्धा के लिए हुआ था। इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्पर्धा को ध्यान में रखते हुए छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण राष्ट्रीय स्तर के रेफरी व कोच दुर्गा प्रसाद पटनायक एवं वरिष्ठ खिलाड़ी ओम बागी द्वारा दिया जा रहा है। इसे खिलाड़ियों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। गत दिनों रेड क्रॉस भवन में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण से संबंधित बैठक भी आयोजित की गई। इसमें हटकेश्वर नाथ वॉलीबॉल संघ ने भी हिस्सा लिया। पिछले 2 वर्ष के अंतर्गत हुई गतिविधियों की पूरी जानकारी ब्रोशर के रूप में उपलब्ध कराई गई। प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक खिलाड़ी यहां संपर्क कर सकते हैं।

## सीता जन्मोत्सव पर मंदिरों में आयोजन, देर रात तक भजन संध्या

# भव्य वस्त्रों और आभूषणों से सजी जनक दुलारी, शिव वास योग में प्रथम आरती, चूल्हे पर तैयार पकवानों का लगाया गया भोग

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शहर स्थित राम-सीता मंदिरों में वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को सीता नवमी का पर्व मनाया गया। इस दौरान माता जानकी के दर्शन मात्र के लिए भक्तों की भीड़ देखी गई। सीता जयंती के सप्ताह भर पहले से मंदिरों में तैयारी जारी थी। विशेष रूप से शहर के राम मंदिरों को लाइट और फूलों से सजाया गया। गुरुवार को मुख्य रुप से मंदिरों में भजन संध्या का आयोजन किया गया। शहर स्थित जैतू साव मठ और दूधाधारी मठ में सीता रसोई है। जिसमें पवित्रता का पालन करते हुए रसोई तैयार की जाती है। जानकी जन्मोत्सव के दिन भी अनेक पकवान माता सीता संग श्रीराम को अर्पित किए गए। दूधाधारी मठ में सुबह से भगवान के भोग तैयार किए गए। लकड़ी की अग्नि पर तैयार हलवा-पूड़ी का भोग माता को लगाया गया। भक्तों की सर्वाधिक भीड़ मठ में देखी गई। गर्मी और तेज धूप के बाद भी बड़ी संख्या में भक्तगण यहां पहुंचे हुए थे।



### महिलाएं हुईं शामिल

भजन संध्या और आरती में सभी आयु वर्ग के लोग पहुंचे रहे, लेकिन सर्वाधिक भीड़ महिलाओं की रही। भजन संध्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया और राम-जानकी संबंधित कई भजनों का गायन किया। सभी मंदिरों में माता का श्रृंगार अलौकिक रहा। सीता नवमी पर बने विशेष संयोग के कारण भी अधिक संख्या में भक्तों मंदिर पहुंचे।

### भजन संध्या का आयोजन

*दूधाधारी मठ में भगवान श्रीराम,माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न की प्रतिमाएं विराजमान हैं। मंदिर में काले पत्थरों से निर्मित लगभग 400 साल पुरानी प्रतिमा है, सीता नवमी के दिन माता की प्रतिमा का भव्य श्रृंगार किया गया। इस दौरान स्वर्ण श्रृंगार के साथ नए पोशाक धारण कराए गए। सुबह से देर रात तक मंदिर प्रांगण में भक्तों की भीड़ देखी गई। शहर के अन्य मंदिरों में भी सीता जन्मोत्सव पर मंदिर में भजन संध्या और भोग भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें मठपारा, अमलीडीह और कुम्हारी से भजन मंडली को बुलाया गया था।*

### तीन पहर हुई आरती



पुरानी बस्ती के बनियापारा में 150 साल पुराना गोपी दास मठ में धूमधाम से सीता नवमी मनाई गई। ब्रह्म मुहूर्त में शिव वास योग में माता की प्रथम आरती के साथ मठ द्वार खोला गया। सुबह से देर शाम तक माता के दर्शन करने बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। इस दौरान मंदिर में अनुष्ठान व पाठ होते रहे। तीनों समय आरती के दौरान श्रीराम-जानकी लक्ष्मण की प्रतिमाओं का नए वस्त्रों से श्रृंगार किया गया। गर्भगृह को फूलों से सजाया गया। दोपहर में महाभंडारे में प्रसादी वितरण की गई। इसके अलावा पुरानी बस्ती में लिली चौक के समीप बढ़ईपारा में 200 साल पुराने नागरी दास मठ में पर्व मनाया गया। यहां भगवान श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण की प्रतिमा का अलौकिक श्रृंगार किया गया।

## रिजल्ट लाइव

# कंपनी सेक्रेटरी के परिणाम घोषित सफल होने 40% अंक अनिवार्य




**रायपुर।** आईसीएसआई अर्थात द इंस्टिट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा कंपनी सेक्रेटरी एग्जीक्यूटिव एंट्रेंस टेस्ट के नतीजों की घोषणा गुरुवार को की गई। परिणाम दोपहर 2 बजे जारी किए गए। ऐसे में जो स्टूडेंट्स 4 मई और 6 मई को आयोजित CSEET 2024 में सम्मिलित हुए थे, वे अपना परिणाम देखने के लिए आधिकारिक वेबसाइट, icsi.edu पर विजिट कर सकते हैं। दिए गए लिंक से अपना 'फॉर्मल ई-रिजल्ट-कम-मार्क्स स्टेटमेंट' डाउनलोड और प्रिंट कर सकते हैं। इसके पूर्व आईसीएसआई द्वारा एक अधिसूचना जारी की गई थी। इस अधिसूचना के मुताबिक, स्टूडेंट्स को अपनी मार्कशीट को आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड करना होगा और संस्थान की तरफ से उन्हें इसकी फिजिकल कॉपी जारी नहीं की जाएगी। आईसीएसआई के नियमों के अनुसार सफल घोषित किए जाने के लिए उन्हें सभी 4 पेपरों में से प्रत्येक में कम से कम 40 फीसदी अंक प्राप्त होने आवश्यक हैं। साथ ही, सभी पेपरों को मिलाकर कम से कम 50 फीसदी प्राप्तांक होने आवश्यक हैं। गलत उत्तरों के लिए निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

### फिर बढ़ाई गई नेट आवेदन तिथि

यूजीसी नेट जून सेशन के लिए आवेदन नहीं कर सके उम्मीदवारों को राहत देते हुए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने आवेदन की तारीखों को एक बार फिर से बढ़ा दिया है। अब इस परीक्षा के लिए 19 मई तक पंजीकरण किया जा सकेगा। निर्धारित शुल्क का भुगतान 20 मई तक करना होगा। आवेदन में संशोधन 21 से 23 मई की रात 11.59 बजे तक कर सकेंगे। बता दें कि इससे पहले जून सत्र के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 मई थी और शुल्क भुगतान 16-17 मई तक किया जाना था। 18 से 20 मई की अवधि आवेदन सुधार के लिए निर्धारित की थी। विस्तृत जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

## एजूकेशन लाइव

# इग्नू के जुलाई सेशन के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया हुई प्रारंभ




**रायपुर।** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) से पढ़ाई करने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण खबर है। इग्नू ने जुलाई 2024 सेशन के लिए री-रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए हैं। जो भी अभ्यर्थी अभी तक पंजीकरण नहीं कर सके हैं, वे अब इग्नू की ऑफिशियल वेबसाइट ignou.ac.in पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 जून 2024 निर्धारित की गई है।

### ऑनलाइन होगी पूरी प्रक्रिया

इग्नू री-रजिस्ट्रेशन के लिए अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम ऑफिशियल वेबसाइट **ignou.ac.in** पर विजिट करना होगा। इसके पश्चात संबंधित लिंक पर क्लिक करके आगे की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। ऐसे अभ्यर्थी जो रेगुलर मोड में पढ़ाई करने में सक्षम नहीं हैं, उनके लिए इग्नू 275 अकादमिक कोर्सेज करने का मौका देता है। ऐसे अभ्यर्थी ऑनलाइन मोड या डिस्टेंस लर्निंग मोड में प्रवेश लेकर अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं। इग्नू से आप यूजी/ पीजी/ डिप्लोमा/ सर्टिफिकेट आदि सभी प्रकार के पाठ्यक्रमों में दाखिला ले सकते हैं। एडमिशन प्रक्रिया से जुड़ी अधिक एवं विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर नोटिफिकेशन के माध्यम से कोर्सेज की जानकारी और उसके लिए पात्रता की जांच कर सकते हैं।

## सिटी इवेंट

# शहर की सृष्टि ने जीता फैशन शो सीनियर वर्ग में बनी विजेता




**रायपुर।** फैशन संबंधित एक प्रतियोगिता में राजधानी की सृष्टि सोनी ने खिताब अपने नाम किया है। सृष्टि ने 10 साल की उम्र में अग्रवाल प्रोडक्शन हाउस द्वारा आयोजित आईटीएम 5.0 में मॉडलिंग शो में हिस्सा लिया। यह शो कई कैटेगरी में हुई थी, जिसमें सृष्टि ने बच्चों के मिस सीनियर वर्ग में विजेता बनकर रायपुर शहर का नाम रोशन किया है। तीन दिन चले शो में हुई हर गतिविधियों को 9एक्स टीवी में टेलीकास्ट किया जाएगा। 17 मई से 2 जून तक सभी एपिसोड दिखाए जाएंगे। इसे पहले भी सृष्टि ने छत्तीसगढ़ लिटिल आइकन 2023 में हिस्सा लेकर मिस ब्यूटीफुल मॉडल का अवॉर्ड जीता था।

### 27 मई से प्लस साइज मॉडलिंग प्रतियोगिता

जेसीआई रायपुर राइस सिटी एक्सेल प्लस साइज मेल फीमेल मॉडलिंग का आयोजन करने जा रही है। इसमें वे ही मेल-फीमेल मॉडल हिस्सा लेंगे जो प्लस साइज के होंगे। संस्था का कहना है कि आपकी खूबसूरती किसी दायरे में नहीं आती है। व्यक्ति जैसा है उसमें सम्पूर्ण है और ईश्वर की अद्भुत कलाकृति है। इसमें तीन राउंड होंगे। प्रतियोगिता 27 मई को वृन्दावन हॉल सिविल लाइन में रखी गई है। आयोजन की डायरेक्टर जेसी आरिफ मंसूर खान है। प्रतियोगिता में भाग लेने 79996-17164 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## छग रीजनल साइंस सेंटर ने बच्चों के लिए लगाया स्पेशल समर साइंस कैंप

# स्कूली छात्रों ने तैयार किया रोबो कार, इसे चलाने ड्राइवर की आवश्यकता नहीं, व्यक्ति-वस्तु के सामने आते ही खुद रुकेगी

*छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर द्वारा चार दिवसीय समर साइंस कैंप का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को इसका समापन होगा। चार दिवसीय रोबोटिक्स कार्यशाला का आयोजन एनआईटी के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित विषय से संबंधित जानकारी बच्चों को देना है। इस दौरान मौजूद स्कूली बच्चों को यांत्रिक इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रोग्रामिंग क्षेत्रों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। कार्यशाला में परिस्थितियों का विश्लेषण करना, समस्याओं की पहचान कहना और नवाचारी समाधान विकसित करना सिखाया गया।*

**रायपुर।** यहां वॉइस बेस्ड रोबोट बनाने की ट्रेनिंग भी दी जा रही है। सेंटर के महानिदेशक एसएस बजाज ने बताया, अप्रैल से जून माह के अंतर्गत रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मोबाइल एप डेवलपमेंट, फन विथ फिजिक्स, वंडर ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आर्ट एंड क्राफ्ट विषयों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए सेंटर की वेबसाइट (https://rsc.cgstate.gov.in) में जाकर बच्चे अपना पंजीयन करा सकते हैं। चार दिवसीय कार्यशाला में 35 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इसमें रायपुर सहित अन्य शहरों के प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं।



### सक्ती से भी पहुंचे छात्र

12वीं कक्षा के विद्यार्थी वंश अग्रवाल ने बताया, मैं सक्ती जिले में स्थित आत्मानंद स्कूल में गणित विषय का विद्यार्थी हूं। बीते 3 साल से यू-ट्यूब के माध्यम से कोडिंग सिखने का प्रयास कर रहा हूं। इस कार्यशाला में बीते तीन दिनों से कई विषयों की जानकारी दी गई, पहले दिन प्रेजेंटेशन में बीते 40 साल में हुए मशीनी बदलाव को बताया गया। दूसरे दिन कोडिंग के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान मौजूद सभी बच्चों को आरडीनो बोड दिया गया। तीसरे दिन हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की जानकारी दी गई।

### टीम वर्क से मिला रिजल्ट

कक्षा 9वीं की छात्रा दिशा जैन ने बताया, वर्कशॉप में कोडिंग और रोबोट के बारे में सीखने को मिला। इससे हमारी टीम ने रोबो कार का निर्माण किया, इस कार की कई विशेषताएं हैं। पहला वह किसी भी ऑब्जेक्ट के सामने आने पर पीछे हो जाता है, दूसरा यह ऑटोमेटिक कार है। इसे चलाने के लिए किसी भी व्यक्ति की आवश्यकता नहीं होती। तीन घंटे के टीम वर्क से इसे तैयार किया गया है।

### कोडिंग की मिल रही जानकारी

कक्षा 9वीं का विद्यार्थी रजत बख्शी ने बताया, छठवीं कक्षा से मुझे रोबोट में रुचि है। कार्यशाला के दौरान प्रोफेसर ने रोबोटिक्स, आरडीनो, यूएनओ और कोडिंग की जानकारी दी। स्कूल में मौजूद लैब में कार्य करने का अनुभव है। यह मेरा पहला साल है जहां मैं टीम वर्क के साथ वर्क कर रहा। जहां हमने रोबो कार बनाया, यदि कार के सामने जब कोई आए तो वह अपना रुट बदल लेता है।




### विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत रोबोट की जानकारी

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के एसोसिएट प्रो.डॉ. प्रदीप सिंह ने बताया, इस कार्यशाला में रोबोटिक्स तैयार करने की प्रक्रिया एवं रोबोटिक्स के उपयोग की जानकारी दी गई। इस दौरान मेडिकल रोबोट, इंडस्ट्रियल रोबोट, एग्रीकल्चर रोबोट, ऑटोनॉमस व्हीकल, स्पेस एक्सप्लोरेशन सर्विस रोबोट, एजुकेशनल रोबोट, एनवायरमेंटल रोबोट की जानकारी दी गई। गुरुवार को कार्यशाला में ऑटोनॉमस ड्राइविंग कार और इसके निर्माण करने की तकनीक को बताया गया। रोबोट को कंप्यूटेशनली इंटेलिजेंस बनाने के लिए मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग और रिइंफोर्समेंट लर्निंग के बारे जानकारी दी गई।



### संवाद कौशल और टीम वर्क

महानिदेशक एसएस बजाज ने कहा, बच्चों ने अपनी सोच और सामर्थ्य के आधार पर एक से बढ़कर एक रोबोट तैयार किए हैं। यह उनके उत्साह और संवेदनशीलता, तकनीकी ज्ञान और कौशल प्राप्त करने की ललक को प्रकट करता है। उत्साह और समर्थन के रूप में बच्चों की मेहनत की सराहनीय है। इस रोबोटिक्स वर्कशॉप में छात्रों ने न केवल अपना तकनीकी ज्ञान बढ़ाया बल्कि उन्होंने सहयोग, संगठनात्मक कौशल, संवाद कौशल जैसे महत्वपूर्ण योग्यताओं को भी विकसित किया। वर्कशॉप में शासकीय और निजी दोनों विद्यालयों के छात्रों ने हिस्सा लिया है।

# माता का औषधीय स्नान पश्चात उत्तर पूजन प्राण-प्रतिष्ठा में हुई गलतियों के लिए मांगी क्षमा



आकाशवाणी स्थित कालीमाता मंदिर में पूर्ण हुई प्राण प्रतिष्ठा प्रक्रिया

**रायपुर।** आकाशवाणी चौक स्थित कालीमाता मंदिर में देवी की नई प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा उत्तर पूजन संग गुरुवार को पूर्ण हो गई। गुरुवार को नई प्रतिमा का उत्तर पूजन और दिव्य स्नान कराया गया। गन्ना, मुसंबी, अनार, संतरा, तरबूज का रस, गाय का दूध, घी, पंचामृत, शहद, गंगा जल, तीर्थ जल और सर्व औषधीय जल को शामिल कर दिव्य स्नान कराया गया। स्नान के दौरान दुर्गा-सरस्वती पाठ का जाप किया गया, जिसके पश्चात हवन, महाआरती और भोज-भंडारे की व्यवस्था की गई। महाआरती के पश्चात ब्राम्हण भोज कराया गया। गौरतलब है कि 92 वर्ष प्राचीन प्रतिमा के क्षरण होने की वजह से नई प्रतिमा का निर्माण कराया गया। नवीन प्रतिमा का स्वरुप पुरानी मूर्ति के अनुसार ही तैयार किया गया है। नवीन प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा अप्रैल माह में की गई थी। पूर्व में स्थापित प्रतिमा को विसर्जित करने के पश्चात नव स्थापित प्रतिमा की उत्तर पूजन करते हुए पूजा कार्य में हुई गलतियों के लिए माफी मांगी गई।



### चांदी के आभूषण से माता का श्रृंगार

इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। स्नान को बाद माता की मूर्ति का भव्य श्रृंगार किया गया। जिसमें माता को नए वस्त्र और चांदी के आभूषण धारण कराए गए। गुलाब के फूलों से भी माता का श्रृंगार हुआ। हवन में भी भक्तगण शामिल हुए। मां को 15 से अधिक पकवानों का भोग लगाया गया, जिसके बाद भक्तों के लिए मंदिर परिसर में भोग भंडारे की शुरुआत की गई।

### मंडल पूजा संग जलाधिवास आज

***रायपुर।*** *गरिमा गृह प्रांगण स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में राधा-कृष्ण की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम लायंस क्लब और जल विहार कॉलोन के संयुक्त तत्वाधान में सरोना स्थित गरिमा गृह में होगा। प्राण प्रतिष्ठा के पहले दिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मंडल पूजा और जलाधिवास किया जाएगा। दूसरे दिन शनिवार को शुभ मुहुर्त में अन्नाधिवास, फलाधिवास, शर्कराधिवास, औषधिवास और शैय्यधिवास पूरे विधि-विधान से कराया जाएगा। अंतिम दिन सुबह 9 बजे से 12 बजे तक मूर्ति प्रतिष्ठा और पूर्णाहूति एवं आरती की जाएगी। इस अवसर पर दोपहर 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाना है।*

### कराओके में सदाबहार गीतों की प्रस्तुति कल

***रायपुर।*** *हार्मोनी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा शनिवार संध्या सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। शाम 6.30 बजे से मायाराम सुरजन हॉल में यह कार्यक्रम शुरू होगा। 'रोज शाम आती थी मगर ऐसी ना थी...' शीर्षक से सुमधुर सदाबहार गीतों की कराओके में प्रस्तुति दी जाएगी। हार्मोनी म्यूजिक ग्रुप के डायरेक्टर संजीव ठाकुर ने बताया, सुमधुर संगीतमय इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभागीय अध्यक्ष नितिन झा होंगे। कार्यक्रम में रायपुर के गायक कलाकारों के अलावा दुर्ग, भिलाई, जगदलपुर के गायक कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। स्थानीय लोगों की गायन प्रतिभा को मंच देने यह आयोजन किया जा रहा है।*

## महंगा हुआ सोना तो दूसरे पदार्थों की बढ़ी मांग, बदल रहा ज्वेलरी का ट्रेंड

# बारीक नक्काशी, कटवर्क और रंग-बिरंगे बिट्स से चांदी के आभूषणों को दे रहे नया लुक, सोने की जगह इसकी मांग

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** सोने के बढ़ते दाम और बढ़ती हुई गर्मी के बीच लोग इन दिनों ज्वेलरी के दूसरे विकल्प तलाशने लगे हैं। विशेषकर कॉलेज गोइंग गर्ल्स सोने के स्थान पर अन्य पदार्थों से बने आभूषण पसंद कर रही हैं। समर सीजन में लाइटवेट ज्वेलरी ही पसंद किए जाते हैं। इसे देखते हुए मार्केट में हल्के वजन वाले आभूषण आए हुए हैं। इसमें बंजारा ज्वेलरी से लेकर कई अन्य तरह की ज्वेलरी भी शामिल है।

वहीं चांदी को लेकर भी लोगों का क्रेज लौटा है। सराफा कारोबारियों के अनुसार, पुराने जमाने में सिल्वर ज्वेलरी बहुत ही सिंपल और पारंपरिक होती थी, मगर अब सिल्वर ज्वेलरी की डिजाइंस भी मॉडर्न लुक में आ रही है। इसमें बारीक नक्काशी, कटवर्क और कलरफुल बिट्स के काम भी किए जा रहे हैं। कई लोग इसे स्पेशल ऑर्डर पर तैयार करवा रहे हैं। बंजारा ज्वेलरी भी इन दिनों हर कोई ट्राई भी कर रहा है। कौड़ी से बनी ज्वेलरी, मिरर ज्वेलरी, क्वाइन से बनी ज्वेलरी और थ्रेड ज्वेलरी पहन युवतियां पहन रही हैं। यह ज्वेलरी एथनिक ड्रेस के साथ अधिक पहनी जा रही है।



### रॉयल लुक के लिए पर्ल ज्वेलरी

पर्ल ज्वेलरी का फैशन पुराना है, लेकिन यह दिनों दोबारा ट्रेंड में है। इससे रॉयल लुक मिलता है। शंकर नगर स्थित एक आर्टिफिशियल ज्वेलरी शो रूम की संचालिका आभा ने बताया, आपको बाजार में पर्ल ज्वेलरी की ढेरों ट्रेंडी डिजाइन्स देखने को मिल जाएंगी। इसे ट्रेडिशनल रानी हार, जोधा हार, चोकर हार को त्योहारों में लहंगे, साड़ी और हैवी सूट के साथ पहनकर अपना लुक कंप्लीट कर सकती हैं। पर्ल ज्वेलरी की सबसे बड़ी खासियत यह होती है कि इसे आप ट्रेडिशनल और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ कैरी किया जा सकता है।

### ट्रेंड में चांद बालियां ईयररिंग

जो युवतियां हैवी ज्वेलरी नहीं पहनना चाहती हैं, उनके लिए कई तरह के अन्य विकल्प मार्केट में हैं। चांद बालियों का फैशन काफी समय से चला आ रहा है। इस बार इसमें बहुत सारे नए प्रयोग और ट्रेंड्स देखने को मिल रहे हैं। इसके कई लेटेस्ट डिजाइंस आए हुए हैं, जो ट्रेंड में हैं। सोने के इतर पर्ल, कुंदन और जरकन के काम वाली चांद बालियां बाजार में आई हुई हैं।

### रोजगोल्ड कलर की डायमंड ज्वेलरी

सोने की कीमतें ज्यादा होने के बाद कई लोग डायमंड ज्वेलरी में इन्वेस्ट कर रहे हैं। डायमंड ज्वेलरी रिच लुक के लिए भी लोग पहन रहे हैं। डायमंड ज्वेलरी में भी विविध रंग पसंद किए जा रहे हैं। इसमें रोजगोल्ड कलर और पिंक कलर काफी ट्रेंड कर रहे हैं। फैशन एक्सपर्ट्स के अनुसार, डायमंड ज्वेलरी साड़ी और लहंगे और हैवी सूट सेट के साथ अच्छे लगते हैं।

### स्क्वायर पैर्टन में फ्लोरल ज्वेलरी

गोलबाजार स्थित एक दुकान के संचालक मोहित के अनुसार, हल्दी, मेंहदी या संगीत में फ्लोरल ज्वेलरी सबकी पहली पसंद होती है। इस बार स्क्वायर पैर्टन काफी ट्रेंड में है। इसे इंडो-वेर्स्टन ड्रेस के साथ मैच किया जा रहा है। इसके अलावा बोहो ज्वेलरी भी अपेक्षाकृत कम कीमतों के कारण पसंद की जा रही है। बोहो ज्वेलरी फिरोजा या मैलाकाइट जैसे पत्थरों से बनाई जाती है। यह हरे रंग के विभिन्न शेड्स में आती हैं। इस शैली में लकड़ी या सीपियों जैसी प्राकृतिक सामग्री और मोतियों का इस्तेमाल करके बनाया जाता है। इसे मेटल के बैंगल, रिंग, नेकलेस और ईयररिंग इंडियन ड्रेसेस संग युवतियां और महिलाएं कैरी कर रही हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### क्रिकेट में वेस्ट जोन और साउथ जोन की जीत



**रायपुर।** सीएससीएस द्वारा राजधानी रायपुर में आयोजित अंडर 23 एवं वरिष्ठ महिला टी 20 चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत गुरुवार को विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मैच हुआ। टीम ईस्ट जोन के विरुद्ध वेस्ट जोन ने अपना मैच सात रन से जीता। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन ने 20 ओवर में सात विकेट पर 145 रन बनाए। जिसमें सृष्टि शर्मा ने 82 रन बनाएं। प्रबलीन कौर वालिया ने 17 रन बनाएं। गेंदबाजी में ईस्ट जोन शिवानी यादव,चांदनी गायकवाड, नेहा बड़वाईक, प्रिया साव, वीरता चौहान एवं मानसी यादव ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 138 रन बनाए। नेहा बड़वाईकने 63 रन और निधि सूर्यवंशी ने 43 रन बनाए। गेंदबाजी में वेस्ट जोन की रूमादास ने दो विकेट और पल्लवी वर्मा एवं उर्मिला हरिना ने एक-एक विकेट लिए। एक समय ईस्ट जोन की टीम 118 रन बना चुकी थी और उसका कोई भी विकेट आउट नहीं हुआ था। उसके बाद 20 रन पर 9 विकेट आउट हो गए। रूमा दास के ब्रेकथ्रू (दो लगातार गेंद पर दो विकेट) दिलाने के बाद ईस्ट जोन के लगातार विकेट गिरते चले गए। जिसमें पांच खिलाड़ी रन आउट हुए।दूसरे मैच में साउथ जोन ने नॉर्थ जोन के विरुद्ध मैच 34रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने 20 ओवर में चार विकेट पर 115 रन बनाए। ऐश्वर्या सिंह ने नॉट आउट 49 रन और कुमुद साहू ने 36 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन की चित्रा पटेल एवं योगिता लहरे ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन की टीम 19 ओवर में 81 रन पर आउट हुई। ईशा भारती ने 16 और संजीता पटेल ने नॉट आउट 14 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन की देवकी सोनवानी ने तीन विकेट लिए। दुर्गेश नंदिनी ने दो विकेट, रवीना साहू एवं प्रतिज्ञा सिंह ने एक-एक विकेट लिए।

### गुजराती स्कूल के खिलाड़ी राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे



**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त संस्थाआईएफएमए की भारत मे मान्यता प्राप्त संस्था यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया के तत्वावधान में ऑल असम एमेच्योर म्यू थाई एसोसिएशन द्वारा सीनियर, जूनियर, सब जूनियर (बालक - बालिका) वर्ग की राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप एवं प्रो नाईट फाइट का आयोजन 25 से 30 मई तक लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन गुवाहाटी असम में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ म्यू थाई दल के चयन हेतू मार्शल आर्ट्स क्लब दल्लीराजहरा (बालोद) में 4 मई को एक दिवसीय राज्य स्तरीय म्यू थाई चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमे 8- 9, 10-11, 12-13, 14-15, 16-17, 17-23 और +23 वर्ष के अलग अलग वजन समूह में छ ग म्यू थाई दल चुना गया। इस राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप में रायपुर जिले से 16 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिसमें 5 खिलाड़ी श्री गुजराती स्कूल रायपुर के हैं। इनमें 4 खिलाड़ी हिन्दी माध्यम और एक खिलाड़ी अंग्रेजी माध्यम से है। जिन्हें प्राचार्य अनीस मेमन के निर्देशन में कु टिकेश्वरी साहू द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। श्री गुजराती स्कूल के चयनित खिलाड़ियों में टिकेश्वरी साहू, कनिष्का श्रीवास, मानसी तांडी, मंजू साहू और घृतेश साहू ने आज प्रबन्ध समिति श्री गुजराती शिक्षण संघ के प्रशासक वी के मिश्रा से सौजन्य भैंट की। प्रशासक मिश्र ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्री गुजराती उ मा शाला के प्राचार्य अनीस मेमन, अंग्रेजी माध्यम शाला के प्राचार्य डॉ शैलेष शर्मा, संस्था रजिस्ट्रार अशोक जाचक और कोच टिकेश्वरी साहू आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय हैं कि कुल 30 म्यू थाई खिलाड़ी (17 बालक, 13 बालिकायें) छत्तीसगढ़ म्यू थाई दल में स्थान बनाने में कामयाब रहे जो गुवाहाटी जा रहे हैं। जिसमे सर्वाधिक 16 खिलाड़ी (08 बालक, 08 बालिका) रायपुर से, बस्तर से 11 (06 बालक, 05 बालिका) खिलाड़ी और बालोद से 03 (02 बालक, 01 बालिका) खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### अंतर जिला क्रिकेट स्पर्धा आज से

**रायपुर।** सीएससीएस की ओर से तीन दिवसीय अंडर 16 एलीट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट स्पर्धा 17 मई से प्रारंभ हो रही है। भिलाई के कल्याण कॉलेज ग्राउंड में बीसीए एवं कोरबा के मध्य मैच खेला जाएगा। वहीं मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में प्लेट कंबाइंड एवं दुर्ग के मध्य, धमतरी में रायपुर विरुद्ध बिलासपुर और राजहरा मे बीएसपी विरुद्ध राजनंदगांव का मुकाबला होगा।

## वजन पर नियंत्रण पाने के लिए पहले आपको दुरुस्त रखना होगा मेटाबॉलिज्म को

# सारे उपाय के बावजूद वजन नहीं हो रहा है कम, इन पोषक तत्वों की हो सकती है कमी

डाइटिंग,एक्सरसाइज और वजन कम करने के सारे तरीके आजमाने के बावजूद आपको परिणाम मनमुताबिक नहीं मिल पा रहा है तो इसकी एक बड़ी वजह आपके आहार में पोषक तत्वों की कमी हो सकती है। जी हां, बता दे कि आहार में आवश्यक पोषक तत्वों की कमी मेटाबॉलिज्म की गति को प्रभावित करती है। वहीं मेटाबॉलिज्म की गति धीमी होने पर वजन बढ़ने की समस्या बढ़ती है, ऐसे में आप चाहें जितने भी जतन कर लें, वजन पर नियंत्रण पाना मुश्किल हो जाता है।



ऐसे में वजन पर नियंत्रण पाने के लिए पहले आपको मेटाबॉलिज्म को दुरुस्त रखना होगा। इसके लिए आपको आहार में उन पोषक तत्वों को शामिल करना होगा, जो मेटाबॉलिज्म को गति देने में सहायक होते हैं। यहां हम आपको ऐसे ही पोषक तत्वों के बारे में बताने जा रहे हैं। बता दें कि हमने इस बारे में डाइटिशियन आकांक्षा गोयल से बात की है और उनसे मिली जानकारी आपके साथ शेयर कर रहे हैं।

**विटामिन डी:** विटामिन डी, मेटाबॉलिज्म को दुरुस्त करने में सहायक भूमिका निभाता है। असल में यह ग्लूकोज के अवशोषण को बढ़ाता है, जिससे मेटाबॉलिज्म में सुधार होता है। ऐसे में शरीर में विटामिन डी की कमी से मेटाबॉलिज्म की गति धीमी पड़ सकती है। इसलिए मेटाबॉलिज्म को दुरुस्त रखने के लिए विटामिन डी की पूर्ति आवश्यक है।

**विटामिन बी12:** विटामिन बी12, शरीर के मेटाबॉलिज्म को दुरुस्त रखने के लिए आवश्यक पोषक तत्वों में से एक है। असल में विटामिन बी12 कार्बोहाइड्रेट, वसा और प्रोटीन के चयापचय में सहयोगी भूमिका निभाता है। वहीं अगर शरीर में इसकी कमी हो तो कार्बोहाइड्रेट, वसा और प्रोटीन युक्त भोजन को पचाने में शरीर को दिक्कत होती है। वहीं पाचन के कमजोर होने से वजन बढ़ने की समस्या पेश आ सकती है। इसलिए मेटाबॉलिज्म को सक्रिय रखने के लिए विटामिन बी 12 की पूर्ति जरूरी है। इसके लिए दूध, अंडे, फोर्टिफाइड अनाज और ऑयली फिश का सेवन कर सकते हैं।

**आयोडीन:** आयोडीन की कमी सीधे तौर पर मेटाबॉलिज्म की गति को प्रभावित करती है। असल में आयोडीन थायराइड हार्मोन के उत्पादन के लिए आवश्यक खनिज है। इसकी कमी से हाइपोथायरायडिज्म की समस्या होती है, जिससे थायराइड हार्मोन का उत्पादन कम होता है। इसका सीधा असर शरीर के मेटाबॉलिज्म पर पड़ता है और इसके कारण शारीरिक थकान और वजन बढ़ने की समस्या पेश आती है। इसलिए थायराइड हार्मोन के उत्पादन को संतुलित रखने के लिए आयोडीन की पूर्ति जरूरी है। इसके लिए आयोडीन युक्त नमक के साथ सी फूड, डेयरी उत्पाद और ब्रेड का सेवन कर सकते हैं।

**आयरन:** आयरन भी मेटाबॉलिज्म को दुरुस्त रखने में उपयोगी पोषक तत्वों में से एक है। दरअसल, आयरन शरीर में थायराइड हार्मोन के उत्पादन और स्तर को बेहतर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गौरतलब है कि थायराइड हार्मोन मेटाबॉलिज्म की गति को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। थायराइड हार्मोन की कमी के कारण मेटाबॉलिज्म की गति धीमी पड़ सकती है। ऐसे में मेटाबॉलिज्म की गति में सुधार के लिए आयरन की पूर्ति आवश्यक है। इसके लिए आप अपने आहार में खजूर,अनार, मुनक्का, पालक और हरी सब्जियों को शामिल कर सकते हैं।

**जिंक:** मेटाबॉलिज्म को दुरुस्त रखने के लिए शरीर में जिंक का संतुलित मात्रा में होना बेहद है। असल में जिंक 100 से अधिक एंजाइम का एक को-फैक्टर है, जो मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करने में उपयोगी भूमिका निभाते हैं। ऐसे में जिंक की कमी मेटाबॉलिज्म पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इसलिए इससे बचने के लिए बेहतर होगा आहार में जिंक युक्त आहार लें, जैसे कि काजू, पंपकीन सीड्स, नट्स, रेट मीट और सी फूड आदी।






# भीषण गर्मी के कारण बढ़ रहा है बेचैनी का जोखिम, ऐसे करें बचाव

उच्च तापमान की चपेट में आने के कारण लोग हीट एंग्जाइटी या घबराहट बढ़ने के शिकार हो रहे हैं। पूरे उत्तर भारत में गर्मी का सितम जारी है तेजी से बढ़ रही गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। कड़कड़ाती धूप और उच्च तापमान का असर न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है बल्कि इससे मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रभावित हो रहा है। उच्च तापमान के कारण लोग हीट एंग्जायटी के शिकार हो रहे हैं। आइए एक्सपर्ट से समझते हैं कि आखिर यह हीट एंग्जायटी है क्या और इससे बचने के लिए क्या करना चाहिए।

### क्या है हीट एंग्जायटी

लंबे वक्त तक उच्च तापमान के संपर्क में आने से शरीर अपना तापमान नियंत्रित नहीं कर पता है। शरीर खुद को ठंडा करने में असमर्थ हो जाता है। इसके कारण स्ट्रेस, चक्कर, सिर में दर्द, हार्ट बीट का तेज होना, बेचैनी जैसी समस्या होने लगती है। यह ज्यादातर वैसे लोगों को प्रभावित करती है जो लगातार धूप में ही काम करते हैं, जैसे किसान, मजदूर या फिर जिनका काम डिलीवरी करने का होता है। इसके अलावा यह ऐसे लोगों को ट्रिगर करता है जो पहले से ही स्ट्रेस में हों।



### हीट एंग्जाइटी से बचने के उपाय

गर्मियों के मौसम में आप ऐसे कपड़े पहनें जिससे हवा ठीक से पास हो सके। ढीले-ढाले कपड़े पहनने से शरीर के चारों तरफ हवा लगती है। इससे तापमान को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

बहुत ज्यादा तेज धूप में बाहर जाने से बचें। अगर कोई जरूरी काम है तो आप छाता लेकर या कैप पहन कर ही बाहर जाएं। डायरेक्ट सूरज की रोशनी सिर पर न पड़ने दें।

अगर आप लगातार धूप में काम करते हैं तो हर कुछ देर पर काम से ब्रेक लें, ऐसी जगह पर जाकर बैठें, जहां पर ठंडक हो। शरीर को आराम दें। इससे थकान और गर्मी कम लगती है। और सबसे जरूरी बात की आप खुद को जितना हो सके हाइड्रेट रखें। सॉलिड़ फूड की जगह पर जितना हो सके तरल पदार्थ पिएं। कैफीन और शुगर युक्त खाद्य पदार्थों के खाने पीने से बचें। इससे डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है।



# घर में कहां मोरपंख रखने से होता है धन लाभ?



वास्तु शास्त्र में ऐसा माना गया है कि मोरपंख घर में रखने से घर की नकारात्मकता दूर होती है। हालांकि यह इस बात पर निर्भर करता है कि मोरपंख रखने की दिशा सही हो। ठीक ऐसे ही मोरपंख घर में रखने से सिर्फ नेगेटिव ऊर्जा दूर नहीं होती बल्कि धन भी आकर्षित होता है और घर की आर्थिक स्थिति अच्छी होने लगती है। हां, मगर धन आकर्षण के लिए मोरपंख की दिशा और उसे रखने का तरीका उचित होना चाहिए। ऐसे में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से आइये जानते हैं कि आखिर घर में मोरपंख कहां रखने से धन लाभ के योग बनते हैं और पैसों की बरकत बनी रहती है।

### तीन दिशाओं में रखने से होगी आर्थिक स्थिति मजबूत

वास्तु शास्त्र के अनुसार, पश्चिम दिशा को मां लक्ष्मी की दिशा माना जाता है। वहीं, उत्तर दिशा कुबेर देव की कहलाती है। दोनों ही धन के देवी-देवता हैं। ऐसे में घर की उत्तर, पश्चिम या ऊतर-पश्चिम दिशा में मोरपंख रखना शुभ सिद्ध होता है।

घर की इन तीन दिशाओं में मोरपंख रखने से घर की आर्थिक स्थित मजबूत होती है। इसके अलावा, धन में वृद्धि होती है। धन लाभ के प्रबल योग बनने लगते हैं। धन से जुड़ी समस्याएं जैसे कि तंगी, अधिक खर्च, कर्ज, धन हानि आदि दूर होती हैं।

साथ ही, यह भी माना जाता है कि घर में धन बाधित करने वाले दोष नष्ट हो आजाते हैं और अगर आपका धन लंबे समय से कहीं अटका हुआ है तो वह भी लौट आता है। इन दिशाओं में मोरपंख रखने से ग्रहों पर भी गहरा प्रभाव नजर आता है।

पश्चिम दिशा शनिदेव की मानी जाती है। शनिदेव कृष्ण भक्त हैं और मोरपंख श्री कृष्ण का का प्रिय है। ऐसे में अगर मोरपंख पश्चिम दिशा में रखा जाए तो इससे न सिर्फ शनि दोष से मुक्ति मिलती है बल्कि शनिदेव प्रसन्न होकर अपनी कृपा बरसाते हैं।

# माइक्रोवेव के ये टिप्स, घंटों के काम निपटाए मिनटों में



यदि आपके किचन में माइक्रोवेव है तो आपको स्मार्ट गृहणी बनने से कोई नहीं रोक सकता। माइक्रोवेव, मिक्सी और जूसर जैसे कई अप्लायंसेस यदि किचन में है, तो महिलाओं का आधा से ज्यादा वक्त बच सकता है। महिलाओं के पास ये मशीनी उपकरण उनके काम को बहुत आसान और सिंपल कर सकती है। वैसे तो माइक्रोवेव का उपयोग खाना गर्म करने, कुकिंग, बेकिंग के लिए किया जाता है, लेकिन ऐसे कई स्मार्ट लोग हैं, जो माइक्रोवेव का उपयोग कुकिंग और बेकिंग के अलावा अपने काम को आसान और जल्दी निपटाने के लिए करते हैं। आज हम आपको माइक्रोवेव के कुछ ऐसे हैक्स बताएंगे, जो आपके काम को घंटों के बजाए मिनटों में निपटा सकते हैं।

### लहसुन, प्याज और टमाटर का छिलका उतारने के लिए

लहसुन, प्याज, अदरक और टमाटर का छिलका उतारने में बहुत वक्त लगता है। ऐसे में आप टमाटर में तेल लगाकर कुछ मिनट के लिए बेक करेंगे और लहसुन प्याज को ट्रे में रख कर माइक्रोवेव में कुछ देर के लिए गर्म कर बाहर निकलेंगे तो आप बहुत आसानी से छिलका निकाल सकते हैं।

### खमीर लाने के लिए

ब्रेड और नान जैसे मैदे के डो में जल्दी खमीर लाना चाह रहे हैं, तो आप आटा तैयार कर उसे ढक लें और माइक्रोवेव में गर्म करें। कुछ देर गर्म कर डो को बाहर निकाल लें आपके नान और ब्रेड के डो में अच्छे से खमीर आ गया होगा। आप इडली और ढोकला के बैटर में भी इसी तरह से सर्दियों में और जल्दबाजी में खमीर ला सकते हैं।

### प्याज काटने के लिए

प्याज चाहे जैसा भी को काटने पर आंसू जरूर निकलते हैं। ऐसे में यदि आपके घर में माइक्रोवेव है तो आप साबुत प्याज (प्याज काटने के टिप्स) को प्लेट में रखकर 45-60 सेकेंड के लिए माइक्रोवेव में गर्म करने के लिए रखें। एक मिनट बाद प्याज को काट लें आपकी आंखों से एक भी आंसू नहीं आएंगे, चाहे आप कितना भी प्याज काट लें।











## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## आन्या टेलर जॉय-क्रिस हेम्सवर्थ ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा



फ्रांस में आयोजित 77वें कान फिल्म फेस्टिवल खूब सुर्खियों में छाया हुआ है। पूरी दुनिया के सिने प्रेमियों को कान फिल्म फेस्टिवल का बेसब्री से इंतजार रहता है। 14 मई को बड़ी धूमधाम और ग्लैमर के साथ कान फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन हुआ। इस दौरान हॉलीवुड के कई कलाकार 'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' के प्रीमियर के लिए इकट्ठा हुए। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले सितारों में आन्या टेलर जॉय और क्रिस हेम्सवर्थ की जोड़ी भी दिखाई दी। जॉर्ज मिलर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2015 की मैड मैक्स फ्रेंचाइजी की पांचवीं फिल्म फ्यूरियोसा 2015 की ऑस्कर विजेता हिट 'मैड मैक्सः फ्यूरी रोड' पर आधारित है। पिछली फिल्म में इम्पीरेटर फ्यूरियोसा के रूप में चार्लीज थेरॉन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। नई फिल्म फ्यूरियोसा यानी आन्या टेलर जॉय पर केंद्रित है, जिसे उनके बचपन में वारलॉर्ड डिमेंटस यानी क्रिस हेम्सवर्थ द्वारा अपहरण कर लिया गया था और वे कई माताओं के ग्रीन प्लेस में अपने घर वापस जाने का रास्ता खोजने के लिए खुद को तैयार करती हैं। कान फिल्म में आन्या टेलर जॉय आइवरी गाउन में जलवा बिखेरा। उन्होंने नेकपीस और बोल्ड मेकअप के साथ अपना लुक पूरा किया। वहीं, क्रिस हेम्सवर्थ ने काली पैंट के साथ बेज सूट में बेहद हेंडसम लग रहे थे। आन्या टेलर जॉय द्वारा इंस्टाग्राम पर साझा किए गए पलों में हेम्सवर्थ उनके साथ मजाक करते नजर आए। लोगों को सोशल मीडिया पर ये जोड़ी खूब पसंद आ रही है। फैंस इनकी जमकर तारीफ कर रहे है। कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट की शोभा बढ़ाने के लिए आन्या टेलर जॉय और क्रिस हेम्सवर्थ की एंट्री ने सबका ध्यान खींच लिया। दोनों के फैशन ने फिल्म के प्रीमियर में चार चांद लगा दिए। 'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' मैड मैक्स फ्रेंचाइजी की पांचवीं किस्त है।

### टॉलीवुड

## जूनियर एनटीआर की 'देवरा' का पहला गाना रिलीज करने तैयारी



साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर इन दिनों अपनी फिल्म 'देवरा' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फैंस बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म को लेकर छोटी से छोटी जानकारी पाकर फैंस काफी उत्साहित हो जाते हैं। वहीं अब फैंस के इस उत्साह को बढ़ाने के लिए फिल्म के पहले गाने को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म के निर्माता अब जल्द ही 'देवरा' का पहला गाना रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की प्रोडक्शन टीम जूनियर एनटीआर के प्रशंसकों के लिए एक विशेष उपहार तैयार कर रही है, जो अभिनेता के जन्मदिन पर दिया जाएगा। यह उपहार फिल्म का पहला गाना होगा। चर्चा है कि जूनियर एनटीआर के जन्मदिन पर यानी 20 मई, 2024 को फिल्म का पहला सिंगल रिलीज होगा। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म के सॉन्ग वीडियो पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि निर्माताओं की ओर से फिल्म के गाने की रिलीज की तारीख से पर्दा कल, यानी 16 मई को उठाया जा सकता है। अब प्रशंसकों को तारीख के खुलासे के इंतजार है। 'देवरा' के जरिए जूनियर एनटीआर ब्लॉकबस्टर हिट 'जनता गैराज' के प्रतिभाशाली फिल्म निर्माता कोराताला शिवा के साथ फिर से जुड़े हैं। 'देवरा' जान्हवी कपूर की दक्षिण फिल्मों में पहली फिल्म और जूनियर एनटीआर के साथ उनका पहला सहयोग है। 'आरआरआर' की तरह इस तेलुगु फिल्म में हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस होंगे, जो दर्शकों के होश उड़ा देंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, देवरा को भारी बजट पर बनाया जा रहा है। कथित तौर पर निर्माता इसके वीएफएक्स पर 140 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। 'देवरा' जूनियर एनटीआर की 30वीं फिल्म भी है। कथित तौर पर अभिनेता इस फिल्म में पिता और पुत्र दोनों का किरदार पर्दे पर निभाएंगे। फिल्म में सैफ अली खान और राम्या कृष्णा जैसे अन्य कलाकार भी होंगे।

### भोजपुरी

## सौतन के प्यार में दीवाने पति को 'मारब चोटी से चोट तो...' का मिला जवाब



भोजपुरी सिनेमा की जानी मानी डांसर माही श्रीवास्तव ने भले ही फिल्मों में काम न किया हो, लेकिन उनकी पॉपुलेरिटी किसी बड़ी भोजपुरी एक्ट्रेस से कम नहीं है। अब माही श्रीवास्तव का एक नया गाना रिलीज हुआ है। इस गाने का टाइटल 'मारब चोटी से चोट' है। माही के गाने को गोल्डी यादव ने अपनी मधुर आवाज दी है। इस गाने ने रिलीज होते ही यूट्यूब पर धमाल मचा दिया है। माही और गोल्डी के 'मारब चोटी से चोट' गाने को काफी पसंद किया जा रहा है। इस गाने में माही बिल्कुल अलग और खास अंदाज में नजर आ रही हैं। गाने का पिक्चराइजेशन भी बेहद शानदार है। 'मारब चोटी से चोट' को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी म्यूजिक कंपनी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने के वीडियो में माही श्रीवास्तव का देसी ठुमका वाला डांस देख फैंस दीवाने हो रहे हैं। इसके वीडियो में दिख रहा है कि माही का पति परदेस में पैसा कमाने गया है और इधर पति के दूर रहने पर उसे काफी चिंता सता रही है।

### क्लाइमेट चेंज की चिंता

पर्यावरण को समर्पित अमेरिकी कलाकार निकोल डेक्सट्रास अपनी कृतियों से प्रकृति के साथ हमारे संबंधों को उजागर करती है। पिछले दिनों क्लाइमेट चेंज यानि जलवायु परिवर्तन पर अपना दृष्टिकोण रखने अनूठी डिजाइन के साथ माडल को पेश किया। उनके इस डिजाइन को काफी पसंद किया गया। डेक्सट्रास मानती है कि उनकी छोटी-छोटी पहल से प्रकृति संरक्षण के प्रयासों को गति मिलेगी।


लाइफ स्टाइल

## सनस्क्रीन लगाने से पहले जरूर रखें इन बातों का ध्यान, वरना त्वचा पर दिखेगी टैनिंग

देश में कई जगहों पर लगातार तेज गर्मी की वजह से लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। अभी मई का महीना चल रहा है लेकिन धूल भरी आंधी और चिलचिलाती धूप की वजह से लोगों का घर से बाहर निकलना तक दुश्वार हो गया है। लोग जब भी घर से बाहर निकल रहे हैं तो खुद को पूरी तरह से कवर कर रहे हैं, ताकि उन्हें लू न लगे और धूप की हानिकारक किरणों का प्रभाव चेहरे पर न पड़े।

धूप से त्वचा को बचाने के लिए लोग सनस्क्रीन का भी इस्तेमाल करते हैं। सनस्क्रीन लगाने के बाद त्वचा को कई परेशानियों से दूर रखा जा सकता है। अगर आप चाहते हैं कि सनस्क्रीन आपकी त्वचा पर अच्छा प्रभाव दिखाए तो इसका इस्तेमाल करते वक्त कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखना है। इस लेख में हम आपको ऐसी ही कुछ ही टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको सनस्क्रीन लगाते वक्त रखना है।

सबसे पहले सनस्क्रीन खरीदते वक्त



ध्यान रखें कि ये कम से कम 40 SPF की हो। अगर आपकी सनस्क्रीन में कम से कम 40 से ज्यादा एसपीएफ होगा, तभी ये आपकी त्वचा का ध्यान अच्छी तरह से रख पाएगी। सही एसपीएफ वाली सनस्क्रीन आपको सनबर्न से बचाने का काम करती है।

अक्सर लोगों को लगता है कि सनस्क्रीन सिर्फ तभी लगानी होती है जब घर से बाहर जाना होता है, जबकि ऐसा नहीं है। खतरनाक यूवी किरणों का असर आपके घर में रहने के बावजूद त्वचा पर पड़ता है। ऐसे में जब घर पर रहें तब भी इसका इस्तेमाल करें।

सनस्क्रीन लगाते वक्त इसकी मात्रा का खास ध्यान रखें। ज्यादातर लोगों को अपने शरीर को पूरी तरह से ढकने के लिए एक बार में लगभग 28 ग्राम सनस्क्रीन की जरूरत होती है। इसे अच्छी तरह से त्वचा पर लगाने के बाद पहले सूखने दें।

अगर आप धूप में घर से बाहर हैं तो हर दो घंटे में सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। खासतौर पर अगर आपको पसीना काफी ज्यादा आता है तो बार-बार सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना जरूरी होता है।

## चलन में हैं ऐसे सूट खूब जंचेंगे आप पर


फैशन

वैसे तो ज्यादातर महिलाएं शादी-विवाह से लेकर दफ्तर तक के कार्यक्रमों में साड़ी पहनना पसंद करती हैं, लेकिन बहुत सी ऐसी महिलाएं भी हैं, जिन्हें साड़ी पहनना नहीं आता। बहुत सी महिलाओं को साड़ी पसंद ही नहीं होती, ऐसे में वो सूट को प्राथमिकता देती हैं। सूट एक ऐसा परिधान है जिसे कैरी करना तो आसान होता ही है और साथ में ये काफी आरामदायक होता है। यही वजह है कि महिलाओं को साड़ी से ज्यादा सूट पहनना पसंद होता है।

आज के समय की बात करें तो आजकल महिलाओं को पाकिस्तानी सूट काफी पसंद आ रहे हैं। कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जिन्हें काफी पसंद किया जा रहा है। इन अभिनेत्रियों में हानिया आमिर से लेकर सबा कमर तक का नाम शामिल है। इनके सूट कलेक्शन आप भी आजमा सकती हैं।



### हानिया आमिर

अभिनेत्री हानिया आमिर को क्यूटनेस के लाखों लोग दीवाने हैं। उनके पास एक से बढ़कर एक शानदार सूट हैं, जो उनपर काफी जचते भी हैं। अगर आपको ऐसे सूट पसंद हैं तो आप हानिया के कलेक्शन पर एक नजर डाल सकती हैं।

### माहिरा खान

माहिरा खान की सादगी पर लोग फिदा रहते हैं। अगर आपको इस तरह के सूट पसंद हैं तो आप माहिरा के इस सूट को कॉपी कर सकती हैं। ऐसे सलवार सूट के साथ अगर आप अपने बालों में गजरा लगाएंगी तो आपका अंदाज प्यारा दिखेगा। इसके साथ ज्वेलरी जरूर पहनें।

### सजल अली

जरूरी नहीं है कि इस तरह के सूट के साथ दुपट्टा पहनना जरूरी है। आप इस तरह से सजल अली के जैसे कुर्ते और सलवार से भी अपना लुक कंप्लीट कर सकती हैं। इस वेल्वेट के सूट में आपका अंदाज प्यारा दिखेगा।

### सबा कमर

सबा कमर को काफी पसंद किया जाता है। आप चाहें तो उनके जैसा अनारकली सूट और उसके साथ शरारा तैयार करा सकती हैं।

## इन गलतियों की वजह से गर्मियों में झड़ने लगते हैं बाल, आप भी जरूर जानें

गर्मी के मौसम में लोग अपनी त्वचा और बालों का काफी ध्यान रखते हैं। त्वचा का ध्यान रखने के लिए लोग तरह-तरह के ऐसे स्किन केयर ट्रीटमेंट कराते हैं, जो त्वचा के लिए काफी लाभदायक होती हैं। त्वचा का ध्यान रखते-रखते कई बार लोग अपने बालों का ध्यान रखना भूल जाते हैं, जिसकी वजह से बाल झड़ने लगते हैं। अगर आप चाहते हैं कि आपके बाल झड़े नहीं तो आपको अपने बालों का खास ध्यान रखने की जरूरत है। इसके लिए बहुत से लोग तो स्पा जाकर हेयर केयर ट्रीटमेंट कराते हैं। बहुत से लोग जो स्पा नहीं जा पाते वो घरेलू नुस्खे अपनाते हैं।

**बालों की सफाई न करनाः** गर्मी के मौसम में समय-समय पर बाल धोना काफी जरूरी होता है। अगर आप अपने बालों की सफाई सही से नहीं करेंगे तो बाल काफी ज्यादा मात्रा में झड़ने लगते हैं। गंदगी रहने की वजह से बाल काफी कमजोर हो जाते हैं, जो हेयर फॉल के साथ कई अन्य परेशानियों को जन्म देते हैं।

**टाइट चोटी बनानाः** बहुत सी महिलाएं



गर्मी से बचने के लिए बालों की टाइट चोटी बना लेती हैं। ऐसे में भले ही उन्हें आराम मिलता है, लेकिन टाइट चोटी से बालों में काफी पसीना आता है, जिससे बाल कमजोर होते हैं। ऐसे में अपने बालों में टाइट चोटी न बनाएं। उसकी जगह या तो बाल खुले रखें या फिर बालों में हल्की ढीली चोटी बनाएं।

**रूसी की समस्याः** बहुत से लोग गर्मी के मौसम में भी डैंड्रफ यानी कि रूसी की समस्या से परेशान रहते हैं। ये सिर्फ बालों में पसीना आने की वजह से होती है। ऐसे में जब रूसी बालों में हो जाती है तो बाल कमजोर होकर टूटने लगते हैं।

## बेहद खतरनाक होता है नकली आई लैशज लगाना, जान लें इसके नुकसान

चेहरे को खूबसूरत बनाने में आंखों का भी काफी बड़ा योगदान रहता है। ऐसे में कई महिलाएं और लड़कियां तो रोजाना में भी काजल, आईलाइनर और आईशैडो का इस्तेमाल करती हैं। इन ब्यूटी प्रोडक्ट की वजह से आंखों की खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है। बहुत सी महिलाएं आंखों की खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए नकली आई लैशेज इस्तेमाल करती हैं, जिससे आंखें बड़ी और प्यारी दिखती हैं।

एक समय था जब नकली आई लैशेज वो महिलाएं ज्यादा इस्तेमाल करती हैं, जिनकी पलकें घनी नहीं होतीं, लेकिन आज के समय हर महिला आंखों को बड़ा और प्यारा दिखाने के लिए नकली आई लैशज का इस्तेमाल करती है। भले ही इनसे आप खूबसूरत लगने लगें, लेकिन इनके ज्यादा इस्तेमाल से आपकी आंखों को काफी नुकसान पहुंचता है। अगर आप भी नकली आई लैशेज लगाती हैं, तो पहले इसके साइड इफेक्ट के बारे में जरूर जान लें।

**बढ़ जाता है इंफेक्शन का खतराः** बाजार में मिलने वाले नकली आई लैशज का इस्तेमाल करने से भले ही आप कुछ वक्त के लिए खूबसूरत दिखने लगें



लेकिन ये आपकी आंखों के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं। इनको लगाने से आंखों में इंफेक्शन का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे में कोशिश करें कि इसका इस्तेमाल न ही करें।

**आंखों में जलनः** वैसे भी प्रदूषण की वजह से आंखों में तमाम तरह की परेशानी होती रहती हैं। ऐसे में अगर आप नकली आई लैशेज का इस्तेमाल करेंगी तो आपकी आंखों में जलन की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

कार्नर न्यूज

### साड़ी पहनना पसंद है, तो इसके डिजाइन में थोड़ा बदलाव करें

## रेड बांधनी साड़ी के इन डिजाइंस को करें ट्राई, नजर आएंगी सबसे अलग



साड़ी का फैशन कभी खत्म नहीं होता। फैशन ट्रेंड के बदलते ही अलग-अलग डिजाइन मार्केट में आते रहते हैं। साथ ही, कलर भी अलग-अलग मिल जाते हैं। बांधनी साड़ी आजकल काफी ट्रेंड में है। इस डिजाइन की साड़ी पहनने में आसान होती है। साथ ही, पहनने के बाद कम्फर्टेबल रहती है। आप इसमें रेड कलर ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। जिसमें आपको वर्क अलग-अलग मिल जाएंगे। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के डिजाइन आप रेड कलर साड़ी में ट्राई कर सकती हैं।

**गोटा पट्टी वर्क के साथ साड़ी :** अगर आपको कुछ नया ट्राई करना है, तो इसके लिए आप रेड कलर बांधनी साड़ी में गोटा पट्टी वर्क वाले डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें जो साड़ी होती है, वो प्लेन होती है। बस आपको गोटा वर्क बॉर्डर पर मिलता है, जिससे साड़ी अच्छी लगती है। आप भी किसी फंक्शन या त्योहार पर इस तरह की साड़ी को वियर कर सकती हैं। इसमें आपका लुक अच्छा लगेगा। मार्केट में इस तरह की साड़ी आपको 250 से 500 रुपये में मिल जाएगी।

**रेड बांधनी साड़ी विद मिरर वर्क गोटाः** रेड कलर ज्यादा हाइलाइट नहीं करना तो ऐसे में आप कॉन्ट्रास्ट डिजाइन के साथ आप इस साड़ी को खरीद सकती हैं। इसमें आपको रेड कलर के साथ मिरर वर्क गोटा मिलेगा। इससे साड़ी यूनिक और अलग लगेगी। साथ ही, जो डिजाइन बीच में डिजाइन मिलेगा। उसमें भी गोटा वाले कलर को इस्तेमाल किया गया होगा, ताकि रेड कलर बांधनी साड़ी अच्छी लगे। इस तरह की साड़ी आपको मार्केट में 300 से 500 रुपये में मिल जाएगी।

**रेड कलर बांधनी साड़ीः** अगर आपको गोटा वर्क या हैवी बॉर्डर साड़ी पसंद नहीं है, तो इसके लिए आप इस तरह की सिंपल साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। रेड के साथ येलो कलर कॉम्बिनेशन अच्छा लगता है। साथ ही, यह साड़ी में एक ग्रेस ऐड करता है। आप इसके साथ प्लेन रेड ब्लाउज को वियर करें।

इससे साड़ी और भी अच्छी लगेगी। मार्केट में इस तरह की साड़ी आपको 250 से 500 रुपये में मिल जाएगी। इस बार रेड कलर बांधनी साड़ी के इन डिजाइंस को ट्राई करें। इसमें आपका लुक भी अच्छा लगेगा। साथ ही, आप अलग नजर आएंगी। मार्केट से खरीदने पर आपको इसमें ऑप्शन भी कई सारे मिल जाएंगे।

